दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 325
कोटद्वार गुरूवार
6 अप्रैल 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

# एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में बदलाव से मचा बवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई के छात्र अब कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं में इतिहास की नई पुस्तकें पढ़ेंगे। इन छात्रों को इतिहास की पुस्तकों में अब मुगल साम्राज्य, दिल्ली दरबार, अकबरनामा, बादशाहनामा और कई राजनीतिक दलों के उदय की कहानियां पढ़ने को नहीं मिलेंगी। हालांकि, पाठ्यक्रम से मुगल दरबार और अन्य अध्यायों को हटाने पर विवाद भी खड़ा हो गया है। कांग्रेस, सीपीएम, शिवसेना समेत (उद्धव गुट) के कई पार्टियों ने इस कदम का विरोध जताया है।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद यानी एनसीईआरटी की ओर से कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के लिए इतिहास की पुस्तकों का पाठ्यक्रम संशोधित किया गया है। इनमें कई बड़े बदलाव किए गए हैं। इन बदलावों की घोषणा पिछले साल जून में ही कर दी गई थी लेकिन उत्तर प्रदेश ने इन बदलावों को लागू भी कर दिया है। शैक्षिक सत्र 2023-24 की नई पुस्तकें भी ऑनलाइन और ऑफलाइन उपलब्ध हो चुकी हैं। अपर मुख्य सचिव (बेसिक और माध्यमिक शिक्षा) दीपक कुमार ने कहा, 'हम एनसीईआरटी की किताबों का अनुसरण करते हैं और संशोधित संस्करण में जो कुछ भी उपलब्ध है, उसे हम 2023-24 सत्र से राज्य के स्कूलों में लागू करेंगे।'

एनसीईआरटी ने कक्षा 10वीं, 11वीं, 12वीं की इतिहास की पुस्तकों से राजाओं और उनके इतिहास से संबंधित अध्यायों और विषयों को हटा दिया है। इसने शैक्षिक सत्र 2023-24 से इंटरमीडिएट में चलने वाली 'आरोह भाग दो' में कई परिवर्तन किए हैं। इसमें फिराक गोरखपुरी गजल और 'अंतरा भाग दो' से सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की 'गीत गाने दो मुझे' नहीं पढ़ सकेंगे। इसके अलावा विष्णु खरे की एक काम और सत्य को भी एनसीईआरटी ने 'अंतरा भाग दो' से हटा दिया है। 'विद्यार्थी आरोह भाग दो' में 'चार्ली चैपलिन यानी हम सब' को भी छात्र इस सत्र में नहीं पढ़ सकेंगे।

नए पाठ्यक्रम के तहत इतिहास की किताब थीम्स ऑफ इंडियन हिस्ट्री-पार्ट-2 से द मुगल कोर्ट्स (16वीं और 17वीं सदी) को हटा दिया गया है। इसी तरह, सेंट्रल इस्लामिक लैंड्स, संस्कृतियों का टकराव और औद्योगिक क्रांति से संबंधित पाठों को भी कक्षा 11वीं की पाठ्यपुस्तक थीम्स इन वर्ल्ड हिस्ट्री से हटा दिया गया है।

कक्षा 12वीं की इतिहास की किताबों से छात्रों को अकबरनामा और बादशाहनामा, मुगल शासकों और उनके साम्राज्य, पांडुलिपियों की रचना, रंग चित्रण, आदर्श राज्य, राजधानियां और दरबार, उपाधियां और उपहारों, शाही परिवार, शाही नौकरशाही, मुगल अभिजात वर्ग, साम्राज्य और सीमाओं के बारे में भी पढ़ने को नहीं मिलेगा।

इसके अलावा विश्व राजनीति में अमेरिकी आधिपत्य और द कोल्ड वॉर एरा जैसे अध्यायों को भी कक्षा 12वीं की नागरिक शास्त्र की पाठ्यपुस्तक से पूरी तरह से हटा दिया गया है। कक्षा 12वीं की किताब पॉलिटिक्स इन इंडिया सिंस इंडिपेंडेंस से राइज ऑफ पॉपुलर मूवमेंट्स और एरा ऑफ वन पार्टी डोमिनेंस को भी हटाया गया है।

इनमें कांग्रेस, सोशलिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय जनसंघ और स्वतंत्र पार्टी के प्रभुत्व के बारे में बताया गया था। जबकि 10वीं कक्षा की किताब डेमोक्रेटिक पॉलिटिक्स-2 से लोकतंत्र और विविधता, लोकप्रिय संघर्ष और आंदोलन, लोकतंत्र की चुनौतियां जैसे पाठ भी हटा दिए गए हैं।

2002 के गुजरात दंगों के सभी संदर्भ सभी एनसीईआरटी सामाजिक विज्ञान पाठ्यपुस्तकों से हटा दिए गए हैं। उदाहरण के लिए, 12वीं कक्षा की वर्तमान राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तक के अंतिम अध्याय के दंगों पर दो पृष्ठ, जिसका शीर्षक है, पॉलिटिक्स इन इंडिया सिंस इंडिपेंडेंस, को हटा दिया गया है। दूसरे पृष्ठ के एक खंड में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रसिद्ध 'राज धर्म' टिप्पणी को भी हटा दिया गया है। वहीं हिंदू चरमपंथियों की गांधी के प्रति नफरत,महात्मा गांधी की हत्या के बाद आरएसएस पर लगे प्रतिबंध जैसी बातें एनसीईआरटी कक्षा 12 की किताब में नहीं होंगी।

एनसीईआरटी की किताबों से यूं तो कई अध्याय हटे हैं लेकिन 12वीं कक्षा के पाठ्यक्रम से मुगल दरबार की सामग्री और कुछ कवियों की रचनाओं को हटाने पर विवाद छिड़ गया है। इसको लेकर शिक्षाविदों का कहना है कि अब तक मुगलों को ही ज्यादा पढ़ाया गया है। बच्चों को हर शासक के बारे में इन किताबों के जरिए ही जानकारी मिल सकती है, इसलिए सभी शासकों के बारे में पढ़ाया जाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी इन शासकों के शौर्य और पराक्रम से परिचित हो सके और अपने देश के इतिहास को गहराई तक समझ सके।

## किताबों से गांधी-आरएसएस और हिंदू-मुस्लिम एकता के पाठ भी हटाए, एनसीईआरटी ने दी यह सफाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गांधीजी की मृत्यु का देश में सांप्रदायिक स्थिति पर जादुई प्रभाव पड़ा, गांधी की हिंदू-मुस्लिम एकता की खोज ने हिंदू चरमपंथियों को उकसाया और आरएसएस जैसे संगठन पर कुछ समय के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया था। ये सब अब बीते जमाने के इतिहास की बातें होने वाली हैं।युवा पीढ़ी को ये सब बातें अब स्कूली किताबों में पढ़ने को नहीं मिलने वाली। क्योंकि इनसे जुड़े पाठ नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (ठउएफ्ळ) के नए शैक्षणिक सत्र 2023-24 से आगे के लिए प्रस्तावित कक्षा 12वीं की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तक से गायब हैं। एनसीईआरटी ने पिछले साल अपने सिलेबस रेशनलाइजेशन अभ्यास के हिस्से के रूप में, ओवरलैपिंग और अप्रासंगिक कारणों का हवाला देते हुए पाठ्यक्रम से कुछ हिस्सों को हटा दिया था जिसमें गुजरात दंगों, मुगल अदालतों, आपातकाल, शीत युद्ध, नक्सली आंदोलन पर सबक आदि शामिल थे। इसकी नई पाठ्यपुस्तकों में महात्मा गांधी से जुड़ी कई अहम घटनाओं और प्रसंगों का भी कोई उल्लेख नहीं है।



## किताबों में बदलाव पर भड़की कांग्रेस, रमेश-सिब्बल के आरोपों पर किया पलटवार

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी की 12वीं कक्षा की नई पाठ्यपुस्तकों में हुई ऐतिहासिक घटनाओं एवं प्रसंगों की काट-छांट पर कांग्रेस भड़की हुई है। कांग्रेस नेता ने इसे लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर प्रतिशोध के भावना से काम करने और इतिहास बदलने की कोशिश का आरोप लगा रही है। जबकि, भाजपा का कहना है कि वह सिर्फ ऐतिहासिक गलतियों को सुधार रही है। वहीं, एनसीईआरटी का दावा है कि इस साल पाठ्यक्रम में कोई कटौती नहीं हुई है और पिछले साल जून में पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाया गया था। कांग्रेस ने बुधवार को एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों से गायब कुछ पाठों को लेकर सरकार पर निशाना साधा था, जिसमें महात्मा गांधी की हत्या, गांधी की हिंदू-मुस्लिम एकता की खोज, कुछ समय के लिए आरएसएस पर प्रतिबंध आदि नए शैक्षणिक सत्र के लिए 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों से गायब हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के बाद सपा से राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने भी गुजरात दंगों से जुड़ा पाठ हटाने पर सरकार की आलोचना की।



## कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच एससी का बड़ा फैसला, वकीलों को वर्चुअली पेश होने की छूट

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** देश में कोरोना फिर से अपनी रफ्तार बढ़ा रहा है। दिल्ली से लेकर महाराष्ट्र तक नए केसों में लगातार इजाफा हो रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में बुधवार को कोविड 19 के 4,435 नए मामले दर्ज किए, जो 163 दिनों (पांच महीने और 13 दिन) में एक दिन में मामलों में आई सबसे बड़ी छलांग है, जबकि सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 23,091 हो गई। पिछले साल 25 सितंबर को कुल 4,777 मामले दर्ज किए गए थे।इसी के चलते सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए वकीलों को वर्चुअली पेश होने की छूट दी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच वकील वर्चुअली सुनवाई के लिए पेश हो सकते हैं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हमें अखबारों के माध्यम से पता चला है कि कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। वकील हाइब्रिड मोड से सुनवाई में शामिल हो सकते है।

## केदारनाथ में खिली धूप, मजदूरों ने ली राहत की सांस

रूद्रप्रयाग : केदारनाथ यात्रा तैयारियों में जुटे डीडीएमए के मजदूरों ने बुधवार को धूप खिलते ही राहत की सांस ली। चारों ओर चटक धूप खिलने का मजदूरों ने भी पूरा लाभ लिया। केदारनाथ पैदल मार्ग में भैरव और कुबेर गदेरे में मजदूरों ने बर्फ हटाने में जमकर पसीना बहाया। एक दिन में मजदूरों ने काफी मात्रा में बर्फ हटाई।

बीते दिनों की अपेक्षा बुधवार को जनपद में मौसम शानदार रहा। विशेषकर केदारनाथ यात्रा तैयारियों में जुटे विभागीय अफसरों ने भी राहत की सांस ली। 136 मजदूर सुबह ही बर्फ हटाने में जुट गए। जबकि दोपहर तक भैरव और कुबेर गदेरे से काफी बर्फ काटते हुए रास्ता तैयार किया गया। आने वाले दिनों में भी मौसम इसी तरह साफ रहा तो इन दोनों स्थानों पर पैदल मार्ग पूरी तरह आवाजाही के लिए तैयार कर दिया जाएगा। डीडीएमए के ईई प्रवीण कर्णवाल ने बताया कि गौरीकुंड से लिंचौली और बेस कैंप से केदारनाथ तक रास्ता पूरी तरह खुला है। भैरव और कुबेर गदेरे में बीते कुछ दिनों ऊपरी क्षेत्र से ग्लेशियर के कारण बड़ी मात्रा में बर्फ जमा हो गई थी जिससे पैदल मार्ग के इन स्थानों पर घोड़े-खच्चरों की आवाजाही नहीं हो पा रही है। मजदूरों की एक टीम केदारनाथ की ओर से नीचे को रास्ता तैयार कर रही है जबकि एक टीम लिंचौली से ऊपरी क्षेत्र को बर्फ हटाने में जुटी है। मौसम इसी तरह साफ रहा तो कुछ ही दिन में पैदल मार्ग पर आवाजाही शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि डीडीएमए के मजदूर गौरीकुंड से केदारनाथ तक आवाजाही कर रहे हैं। (एजेंसी)

## पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच के लिए एनएसयूआई ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

देहरादून। एनएसयूआई ने उत्तराखंड राज्य में अनेक परीक्षाओं के पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग की। जिसमें पटवारी, लेखपाल, जेई व एई परीक्षा आदि शामिल है। एनएसयूआई ने एमपीजी कालेज परिसर में उत्तराखंड राज्य में हुए पेपर लीक मामले में हस्ताक्षर अभियान चला कर सीबीआई जांच की मांग की। इसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने हस्ताक्षर कर अपना विरोध दर्ज किया। इस मौके पर छात्रों ने मांग की कि पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच जरूरी है, ताकि इस मामले में आरोपियों को कड़ी सजा मिल सके ताकि छात्र छात्राओं को अपने भविष्य को संवारने के लिए भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षा देने में कोई संकोच न हो और परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।

## श्रद्धालुओं के लिए 20 मई को खुलेंगे हेमकुंड साहिब के कपाट, 22 अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू

**जोशीमठ (चमोली)।** सिखों के पवित्र धाम हेमकुंड साहिब के कपाट आगामी 25 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। हेमकुंड साहिब प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा की मौजूदगी में हुई समिति की बैठक में 20 मई को हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोलने का निर्णय लिया गया।प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने मुख्य सचिव एसएस संधु से मुलाकात की। वार्ता में निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार के सहयोग से गुरुद्वारा ट्रस्ट द्वारा इस साल हेमकुंड की यात्रा 20 मई से शुरू कर दी जाएगी। वहीं इस बार चारधाम यात्रा की शुरुआत 22 अप्रैल से होगी। देश-दुनिया से आने वाले तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए सरकार तैयारियों में जुटी है। सरकार को उम्मीद है कि चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या एक नया रिकॉर्ड बनाएगी।बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय हो गई है। बदरीनाथ के 27 अप्रैल और केदारनाथ धाम के कपाट 25 अप्रैल को खुलेंगे जबकि परंपरा के अनुसार 22 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुलेंगे।

# सत्ता में बैठें नेताओं ने साजिश के तहत रोका था कोटद्वार का विकास : हरक

### पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री डा. हरक सिंह रावत ने साधा भाजपा पर निशाना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** कांग्रेस नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने प्रदेश सरकार पर उत्तराखंड के विकास को अनदेखा करने का आरोप लगाया है। कहा कि जब वह सत्ता में थे तो उन्हीं की पार्टी के नेताओं ने साजिश के तहत कोटद्वार क्षेत्र में विकास को धरातल पर नहीं उतरने दिया। विकास की रीढ़ बनने वाले पाखरो टाइगर सफारी को तबाह कर दिया गया। उन्होंने जनता के हित में अपना संघर्ष जारी रखने की भी बात कही। बुधवार को कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पूर्व मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग और पाखरो में टाइगर सफारी के निर्माण पर लगी रोक को हटाने के लिए सरकार पैरवी नहीं कर पा रही है, जिसका सीधा नुकसान जनता को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राजाजी नेशनल पार्क और जिम कॉर्बेट पार्क को जोड़ने वाला शहर कोटद्वार सरकार की नाकामी के चलते विकास की दौड़ में काफी पीछे छूट गया है। कहा कि जब पिछली भाजपा सरकार में वे वन मंत्री थे तो उन्होंने केंद्र से पाखरो में टाइगर सफारी स्वीकृत कराई थी, लेकिन अब ये प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में चला गया है। कोटद्वार विधायक को आड़े हाथ लेते हुए कांग्रेस नेता डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि केवल रोजगार मेले लगाने से युवाओं को कोई फायदा मिलने वाला नहीं है, बल्कि दूरदराज से आने वाले युवाओं को इससे आर्थिक नुकसान ही होगा। इस मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, महिला जिलाध्यक्ष रश्मि पटवाल, पूर्व विधायक शैलेन्द्र रावत, मनवर आर्य, बलबीर सिंह रावत, गुड्डू चौहान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते पूर्व काबीना मंत्री हरक सिंह रावत**

### हरिद्वार से लडूंगा लोकसभा चुनाव

पूर्व काबीना मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि वह जनता की सेवा में सदैव समर्पित रहेंगे। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के समक्ष हरिद्वार लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का प्रस्ताव रखा है। उन्हें पूरा यकीन है कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन करेगी।

### केवल दिखावा है रोजगार मेला

पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री डा. हरक सिंह रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का रोजगार मेला केवल दिखावा है। हकीकत तो यह है कि कंपनी दिखावे के लिए युवाओं की नियुक्ति करती है। जबकि, कुछ माह बाद नियुक्त हुए युवाओं को कंपनी से निकाल दिया जाता है। भारतीय जनता पार्टी केवल युवाओं का समय व धन बर्बाद करने के लिए रोजगार मेला चला रही है।

## हनुमान चट्टी के आगे हाईवे पर दरकी चट्टान, बोल्डर गिरने से रास्ता हुआ बंद

**चमोली।** बदरीनाथ हाईवे पर बुधवार शाम हनुमान चट्टी के आगे चट्टान दरक गई। जिसके चलते हाईवे पर बोल्डर आने से रास्ता बंद हो गया। स्थानीय निवासी तिजेंद्र चौहान ने का कहना है कि कल शाम तक ही हाईवे खुल पाएगा।ज्ञानसू क्षेत्र में गंगोत्री हाईवे पर बने गड्ढों को बीआरओ के मजदूर पहले मिट्टी से भर रहे थे। बुधवार को अमर उजाला में खबर प्रकाशित होने के बाद अब गड्ढों से मिट्टी हटाकर पैचवर्क किया जा रहा है। जिला मुख्यालय उत्तरकाशी से गुजरने वाले गंगोत्री हाईवे का करीब छह किमी हिस्सा 25 से ज्यादा जगह बदहाल है। हाईवे पर ज्ञानसू, उजेली, लक्षेश्वर, तेखला पुल के समीप व गंगोरी बैली ब्रिज के पास जगह-जगह गड्ढे हैं जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ था।

इस संबंध में बीते 24 मार्च को शहर में गंगोत्री हाईवे छह किमी में 25 जगह बदहाल शीर्षक से खबर प्रमुखता प्रकाशित की गई थी जिस पर बीते मंगलवार को बीआरओ ने ज्ञानसू क्षेत्र में गड्ढों को मिट्टी से भरना शुरू किया था।

# केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग से जुड़ी याचिका पर सुनवाई से किया इन्कार

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने ईडी-सीबीआई के दुरुपयोग से जुड़ी कांग्रेस के नेतृत्व में 14 विपक्षी दलों की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। इसके बाद विपक्षी दलों ने अपनी याचिका वापस ले ली। याचिका में विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के मनमाने उपयोग का आरोप लगाया गया था। याचिका में गिरफ्तारी, रिमांड और जमानत जैसे मामलों को नियंत्रित करने वाले दिशा-निर्देशों का नया सेट जारी करने की मांग की गई थी।

विपक्षी दलों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया कि 2013-14 से 2021-22 तक सीबीआई और ईडी के मामलों में 600 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ईडी की ओर से 121 राजनीतिक नेताओं की जांच की गई है, जिनमें से 95 प्रतिशत नेता विपक्षी दलों से हैं। सीबीआई की 124 जांचों में से 95 प्रतिशत से अधिक विपक्षी दलों से हैं। सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि राजनीतिक विरोध की वैधता पर इसका गहरा प्रभाव पड़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने सिंघवी से पूछा कि क्या हम इन आंकड़ों की वजह से कह सकते हैं कि कोई जांच या कोई मुकदमा नहीं होना चाहिए? क्या नेताओं को इससे अलग रखा जा सकता है? सवोच्च कोर्ट का कहना है कि अंततः एक राजनीतिक नेता मूल रूप से एक नागरिक होता है और नागरिकों के रूप में हम सभी एक ही कानून के अधीन हैं। इस पर सिंघवी ने कहा कि पक्षकार नहीं चाहते कि याचिका से भारत में कोई लंबित मामला प्रभावित हो और वे मौजूदा जांच में हस्तक्षेप करने के लिए भी नहीं कह रहे हैं।



## जनता एक्सप्रेस चार दिन और उपासना पांच दिन रहेगी रद

**देहरादून।** जनता एक्सप्रेस आठ अप्रैल से चार उपासना पांच दिन तक रद रहेगी। ट्रेनों के रद रहने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

स्टेशन अधीक्षक शशांक शर्मा ने बताया कि आठ अप्रैल से मंडल के कुछ स्टेशनों पर काम होना है। इसे देखते हुए रेलवे ने कुछ ट्रेनों को रद्द किया है, इसमें देहरादून आने और यहां से जाने वाली दो ट्रेनें भी शामिल है। बताया कि वाराणसी से देहरादून आने और दून से वाराणसी जाने वाली जनता एक्सप्रेस आठ से 11 अप्रैल तक रद्द रहेगी।

# सरकार सांस्कृतिक व धार्मिक धरोहरों के पुनरुद्धार के लिए गंभीरता से कर रही कार्य : सीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास से गणतंत्र दिवस परेड-2023 में प्रथम स्थान पर रही उत्तराखण्ड राज्य की झांकी 'मानसखण्ड' को प्रदेश के जनपदों/ब्लॉक मुख्यालयों, मुख्य स्थानों पर प्रदर्शन हेतु फ्लैग ऑफ किया। गणतंत्र दिवस परेड-2023 में विभिन्न राज्यों व भारत सरकार के मंत्रालयों की 27 झांकियों में उत्तराखण्ड की मानसखण्ड झांकी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि सरकार द्वारा मानसखण्ड मंदिर माला मिशन पर मिशन मोड के तहत कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक व धार्मिक धरोहरों के पुनरुद्धार के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है।



**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मानसखण्ड झांकी को फ्लैग ऑफ करते हुए।**

कर्त्तव्य पथ पर पहली परेड में उत्तराखण्ड को प्रथम स्थान मिलना एक बड़ी उपलब्धि है। उत्तराखण्ड गठन से अब तक पहली बार राज्य की झांकी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। मानसखण्ड झांकी में जागेश्वर मंदिर, कार्बेट नेशनल पार्क, ऐपण आर्ट, योग, वनों का समावेश किया गया था। इस उपलब्धि से उत्तराखण्ड की धार्मिक, सांस्कृतिक धरोहर, कला एवं संस्कृति का प्रचार-प्रसार पूरे विश्व में हुआ। 5 अप्रैल से 18 मई 2023 तक प्रदेश के ब्लॉक मुख्यालयों एवं मुख्य शहरों में झांकी का प्रदर्शन जनमानस के सम्मुख किया जाएगा। मानसखण्ड झांकी के संबंध में 2 मिनट की वीडियो भी तैयार की गई है। इस शॉर्ट फिल्म का एलईडी के माध्यम से जन सामान्य हेतु प्रसारण किया जाएगा। समस्त जनपद मुख्यालयों पर जिलाधिकारी के सहयोग से स्थानीय विधायक की उपस्थिति में झांकी से सम्बन्धित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह हमारे लिए अत्यन्त गौरव का विषय है कि उत्तराखण्ड स्थापना के 22 वर्ष के इतिहास में पहली बार हमारे राज्य की झांकी को देश के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की ऐतिहासिक परेड के अवसर पर पहला स्थान प्राप्त हुआ है। यह सभी उत्तराखण्डवासियों की सांझी उपलब्धि है। मानसखण्ड झांकी में राज्य के प्रमुख धाम जागेश्वर धाम, उत्तराखण्ड की संस्कृति, कला को दर्शाया गया है। मानसखण्ड झांकी उत्तराखण्ड के सभी ब्लॉक मुख्यालयों व मुख्य शहरों में 5 अप्रैल से लेकर 18 मई तक भ्रमण पर रहेगी। इससे राज्य के सभी जगहों के लोग विशेषकर बच्चे इस झांकी से अवगत हो पाएंगे। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, अपर निदेशक सूचना आशीष त्रिपाठी, झांकी लीडर केएस चौहान, आचार्य मनमोहन लोहनी उपस्थित थे।

### सीएम ने किया मानसखण्ड झांकी को फ्लैग ऑफ

# वन आरक्षी भर्ती परीक्षा 9 को, परीक्षा केंद्रों पर धारा 155 रहेगी प्रभावी



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : आगामी रविवार (9 अप्रैल, 2023) को एकल सत्र में आयोजित होने वाली वन आरक्षी की परीक्षा-2022 का सफल संचालन करने हेतु सब डिविजन रुद्रप्रयाग के 12 परीक्षा केंद्रों में धारा-144 प्रभावी रहेगी। उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग द्वारा उक्त बावत आदेश जारी किया गया है। उपजिलाधिकारी रुद्रप्रयाग अपर्णा ढौंडियाल ने बताया कि सब डिविजन रुद्रप्रयाग के अंतर्गत वन आरक्षी परीक्षा-2022 की परीक्षा अटल उत्कृष्ट, स्वामी सच्चिदानन्द, राइका रुद्रप्रयाग, राबइका रुद्रप्रयाग, श्री गुरु रामराय पब्लिक स्कूल, राजकीय पॉलिटेक्निक रतूडा, राजकीय इंटर कॉलेज रतूडा, अटल उत्कृष्ट, राइका अगस्त्यमुनि, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि, रा. बालिका इण्टर कालेज अगस्त्यमुनि, अनूप नेगी मेमोरियल पब्लिक स्कूल गुलाबराय, राजकीय इंटर कॉलेज नगरासू, चिल्ड्रन एकेडमी इंटर कॉलेज अगस्त्यमुनि, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) रतूडा में आयोजित की जानी है। एकल सत्र में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक आयोजित होने वाली परीक्षा अवधि में धारा-144 प्रभावी रहेगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु परीक्षा केंद्रों के बाहर व भीतर अनुशासनहीनता, धमकी, मारपीट तथा घातक आक्रमणों जैसी घटनाओं के साथ ही परीक्षार्थियों को अनुचित साधन के प्रयोग आदि के मध्यनजर सब डिविजन रुद्रप्रयाग के परीक्षा केंद्रों में धारा-144 को प्रभावी किया गया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा अवधि में उक्त परीक्षा केंद्रों में धारा-144 प्रभावी रहेगी तथा उल्लंघन करने पर विधि कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## मुखबिर की सूचना पर दस सटोरी गिरफ्तार

रुड़की। पुलिस ने शहर से सटे इलाके से दस सटोरियों को गिरफ्तार किया है।

मौके से दो रजिस्टर, दस सट्टा पर्ची और नकदी बरामद की है। सिविल लाइंस पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ढंडेरा के एक घेर में सट्टा खेला जा रहा है। पुलिस को मौके से दस सटोरी मिले। इंस्पेक्टर महेश जोशी ने बताया कि ओमप्रकाश पुत्र समेरू, रतन पुत्र रूलाराम, राजू पुत्र चमेल सिंह, कपिल पुत्र विजयपाल, प्रवीण पुत्र दयाराम, मुरसलीन पुत्र निसार निवासी ढंडेरा, जिलेदार पुत्र खलील निवासी समस्तपुर सरसावा जिला सहारनपुर, अनिल पुत्र सुन्दरलाल निवासी भक्तोवाली थाना झबरेडा, नीटू पुत्र नकलीराम निवासी भगवानपुर चन्दनपुर कोतवाली मंगलौर और गय्यूर पुत्र दिलशाद निवास पुरकाजी जिला मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया।

## रुड़की में पुलिस, पीएसी ने किया फ्लैग मार्च



रुड़की। सुरक्षा और शांति व्यवस्था के मद्देनजर शहर में भारी पुलिस बल ने फ्लैग मार्च निकाला। कोतवाली पुलिस और अतिरिक्त पीएसी के जवान शहर और कोतवाली क्षेत्र के सोत बी चौक क्षेत्र में पहुंचे। जहां उन्होंने शहरवासियों को अपनी मौजूदगी का अहसास कराया। शहर और देहात में विभिन्न समाज से जुड़े लोग शोभायात्रा निकाल रहे हैं। मुस्लिम समाज के लोगों के माह रमजान के रोजे भी हैं। भगवानपुर के डाडा जलालपुर में भी बालाजी जन्म उत्सव को लेकर शोभायात्रा को लेकर मंथन चल रहा है। बुधवार को साप्ताहिक अवकाश के दिन कोतवाली पुलिस और अतिरिक्त सुरक्षा बल ने फ्लैग मार्च निकाला। सिविल लाइंस कतवाली क्षेत्र, इमली रोड, मच्छी मोहल्ला, बंदा रोड, सिटी पब्लिक स्कूल, कांवड़ पटरी आदि इलाकों से फ्लैग मार्च गुजरा। फ्लैग मार्च में उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह पाल टीम के साथ मौजूद रहे।

# लक्ष्मणझूला बाजार में बंद किया जाए वाहनों की आवाजाही



ऋषिकेश। पर्यटन क्षेत्र लक्ष्मणझूला बाजार में जाम से लोग परेशान हैं। शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार को यहां भारी भीड़ से जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में क्षेत्र के व्यापारियों ने इन तीन दिनों में लक्ष्मणझूला बाजार में वाहनों की आवाजाही बंद रखने की मांग की है। बुधवार को स्वर्गाश्रम जौंक के व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने लक्ष्मणझूला थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि लक्ष्मणझूला बाजार में आए दिन ट्रैफिक जाम रहता है। शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार को यहां काफी भीड़ रहती है। इससे जाम की स्थिति बनी रहती है। कहा कि इन दिनों में मुख्य डीएम कैंप-कार्यालय से लक्ष्मणझूला थाना तक प्राइवेट और टैक्सी वाहनों का आवागमन बंद रखा जाए। दुकानों के बाहर दोपहिया वाहन भी आड़े तिरछे खड़े रहते हैं, उससे भी जाम की स्थिति बनी रहती है।

## धूमधाम से मनाई महर्षि कश्यप की जयंती

हरिद्वार। श्रीपंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन मार्केट फेरूपुर रामखेड़ा में महर्षि कश्यप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान महर्षि कश्यप की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर उनके जन्मदिवस को मनाया गया। ऋषि पाल कश्यप और धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि हमारे महापुरुषों ने हमें सच्चाई का मार्ग दिखाया है। महर्षि कश्यप सप्तऋषि में से एक थे। भाजपा नेता जितेंद्र कश्यप और बलराम कश्यप ने कहा कि कश्यप समाज के उत्थान के लिए हम सबको साथ मिलकर चलना है। इस दौरान शुभम कश्यप, कल्याण सिंह, सुमित कुमार, आकाश कश्यप, सुमित कुमार, सचिन कश्यप, सोनू कुमार, अनंगपाल, डिंपल कश्यप, संजय धीमान आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# यूपी की तर्ज पर आवारा पशुओं के लिए नीति बने



रुड़की। प्रधान संगठन की बैठक में पशु संरक्षण की नीति बनाने पर यूपी सरकार की प्रशंसा की गई। साथ ही उत्तराखंड में भी ऐसी नीति लागू करने की मांग की गई। प्रधान संगठन के अध्यक्ष अनुज अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। प्रधानों ने कहा कि क्षेत्र में आवारा पशुओं की तादाद कई गुना बढ़ी है। ये पशु देहात में किसानों की फसल नष्ट कर रहे हैं। फसलों में खराब मौसम व प्राकृतिक आपदा से ज्यादा नुकसान इन पशुओं से हो रहा है। कहा नगरीय क्षेत्र में भी गली–मोहल्लों में या सड़कों पर लावारिस पशु घूमते रहते हैं। इससे अक्सर दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन दुर्घटनाओं में करोड़ों की संपत्ति भी नष्ट हो चुकी है। प्रधानों ने कहा कि यूपी की योगी सरकार ने ऐसे लावारिस पशुओं के संरक्षण के लिए नीति बनाई है, जिससे कि किसानों की फसल में नुकसान न हो सके। प्रधानों ने उत्तराखंड सरकार से यहां भी ऐसी ही नीति बनाकर लागू की जाए। बाद में इस मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेजा गया। बैठक में सहदेव चौधरी, अर्जुन सैनी, वंदना शर्मा, दीपा सैनी, अनीता देवी, विकास सैनी, बिजेंद्र सिंह, जसविंद्र सिंह, पूजा गोयल प्रधान शामिल थे।

## एक नजर

### दो दिनों से लापता युवती का नहीं मिला सुराग

रूद्रप्रयाग : जनपद के छिनका गांव की एक युवती बीते दो दिनों से लापता है। पुलिस ने इस मामले में युवती की गुमशुदगी दर्ज कर दी है।छिनका गांव निवासी सतीश भट्ट की 19 वर्षीय बेटी विजय लक्ष्मी 3 अप्रैल से लापता है। युवती के पिता ने बताया कि उनकी 19 वर्षीय बेटी कर्णप्रयाग महाविद्यालय से बीए कर रही है। वह 3 अप्रैल को हर रोज की तरह सुबह 9 बजे घर से कॉलेज के लिए निकली थी, किंतु वह कॉलेज नहीं पहुंची। काफी ढूंढ खोज के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल पाया। उन्होंने इस मामले में घोलतीर चौकी में उसकी गुमशुदगी दर्ज की गई। उन्होंने आम लोगों से बेटी की तलाश में सहयोग की अपील की है। वहीं केडी के केंद्रीय मीडिया प्रभारी मोहित डिमरी ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द युवती को ढूंढने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पहाड़ से लड़कियों का गायब होना चिंता का विषय है। पुलिस प्रशासन को इस मामले में गंभीरता से कार्रवाई करनी होगी। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। (एजेंसी)

### नदी में गिरने से बची कार, हादसा टला

टिहरी : देवप्रयाग से ऋषिकेश जा रही एक कार का टायरड्रम अचानक टूटने से कार गंगा में गिरने से बच गयी। बेकाबू कार सड़क किनारे पड़ी निर्माण सामग्री में रुक गयी, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

देवप्रयाग क्षेत्र के रानाकोट में आयोजित भागवत कथा से वापस लौट रहे ध्यानी परिवार के साथ राजमार्ग पर बड़ा हादसा होने से टल गया।

श्री बदरीश पंडा पंचायत अध्यक्ष प्रवीन ध्यानी, पशुपालन विभाग में कार्यरत अपने संबंधी माधव ध्यानी के परिवार के साथ वापस ऋषिकेश लौट रहे थे। सिंगटाली के निकट अचानक कार का पिछला टायरड्रम टूट गया। टायर अलग होते ही कार बेकाबू होकर ढलान की ओर फिसलने लगी। पंडा पंचायत अध्यक्ष प्रवीन ध्यानी के अनुसार उन्होंने कार को खाई की ओर जाते देख उसको सड़क किनारे पड़ी रेत रोड़ी की ओर मोड़ दिया।

# पॉड टैक्सी का रूट बदलने को व्यापारियों का प्रदर्शन



हरिद्वार। पॉड टैक्सी का रूट बदलने की मांग को लेकर बुधवार को महानगर व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने कंपनी की ओर से बनाई गई डीपीआर की भी जांच की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि रानीपुर से उतरी हरिद्वार, दूधाधारी तक समस्त रूट को बदला जाना ही हरिद्वारहित में उचित होगा। उन्होंने केंद्रीय पर्यटन मंत्री और मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है।महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने आरोप लगाया कि सर्वे टीम ने गलत रिपोर्ट प्रस्तुत कर शहर के व्यापारियों एवं जनता का उत्पीड़न करने के हिसाब से रूट प्लान और स्टेशन तय किए हैं। उन्होंने तर्क दिया कि खड़खड़ी, हरकी पैड़ी, मनसा देवी के स्टेशन व्यस्ततम इलाकों में हैं, ऐसे में यहां पार्किंग कैसे होंगे संचालित होगी। सरकारी भूमि होते हुए निजी भूमि अधिग्रहण की योजना बनाते हुए सरकारी मुआवजे की फिजूल खर्ची की योजना तैयार की गई। जिसकी जांच होनी चाहिए।शिव शक्ति व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन शर्मा ने कहा कि हरिद्वार की भौगोलिक परिस्थितियों के हिसाब से डीपीआर बनानी चाहिए थी। एक तरफ पहाड़ दूसरी तरफ गंगा ऐसे में क्या ये सब परियोजनाएं सम्भव है। खड़खड़ेश्वर अध्यक्ष भूदेव शर्मा, संरक्षक धर्मपाल प्रजापति ने कहा कि हम सभी पॉड कार परियोजना के विरोध में नहीं है बल्कि हम सिर्फ इसके रूट एवं स्टेशन के विरोध में हैं। विरोध जताने वालों में दीपक गोस्वामी, राजकुमार अग्रवाल, धीरज पाराशर, विनोद गिरी, नीरज पाल, अमित जैन, निशा मल्होत्रा, विनेश शर्मा, दीपक मेहता, मनीष जैन, अनिल कुमार, एसएन तिवारी, अशोक वर्मा, विशाल मलिक, बुद्धि सिंह नेगी, कुलदीप सिंह, राजू सेठी, संजू प्रजापति, गणेश शर्मा, दीपक सूरी आदि शामिल रहे।

## रिटायर शिक्षाधिकारी से 1.92 लाख की साइबर ठगी

हरिद्वार। बीएचईएल से रिटायर शिक्षाधिकारी के साथ साइबर ठगों ने 1.92 लाख रुपये ठगी कर दी। ज्वालापुर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, मॉडल कॉलोनी ज्वालापुर निवासी कामता नाथ ने शिकायत देकर बताया कि बीती पांच फरवरी को उनके मोबाइल फोन पर अंजान नंबर से कॉल आई। इसके बाद खाते से रकम गायब हो गई।

पेटीएम, यूपीआई के जरिये अलग–अलग बारी में 1.92 लाख रुपये की रकम निकाल ली गई। खाते से रकम निकलने के बाद तत्काल बैंक के कस्टमर केयर नंबर पर शिकायत दर्ज करा दी थी। कामता नाथ भेल से दो साल पहले शिक्षा अधिकारी के पद से रिटायर हुए हैं।

## इंग्लैंड से गिफ्ट भेजने के नाम पर महिला से 8.5 लाख रुपये हड़पे

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत विकासनगर निवासी एक महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में महिला ने आरोप लगाया कि चार लोगों ने उसके साथ धोखाधड़ी की है। कहा कि आरोपियों ने उसे इंग्लैंड से सोने–चांदी के गिफ्ट लाकर देने का लालच देकर आठ लाख पचास हजार रुपये लिए। अब न आरोपियों ने गिफ्ट दिए और नहीं उसके रुपये लौटाये।

बताया कि आरोपियों ने उसके रुपये हड़प लिए हैं। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में सोनम सलमानी पुत्र मो. कासीम 28 फुटा रोड विकासनगर ने बताया कि इसी वर्ष फरवरी में आरोपी विकास ठाकुर, मो.हसमेन, विनोद खन्ना व राजेश कुमार ने उसे झूठा झांसा देकर इंग्लैंड से सोने चांदी के जेवरात आदि का गिफ्ट भेजने का लालच दिया। बताया कि वह आरोपियों के बहकावे में आ गयी और उन्हें गिफ्ट खरीदकर कर भेजने के लिए आठ लाख पचास हजार रुपये की रकम दी। बताया कि आरोपियों ने रकम लेने के बाद किये गये वायदे के अनुसार उसे कोई गिफ्ट नहीं भेजा। बताया कि जब उनसे गिफ्ट भेजने को कहा तो आरोपी उसे टालते रहे। जब आरोपियों ने गिफ्ट नहीं भेजे तो उसने अपने रुपये वापस लौटाने को कहा। लेकिन आरोपियों ने रुपये वापस लौटाने व गिफ्ट देने से भी इनकार कर उसके रुपये हड़प लिये।

# कथा और धार्मिक आयोजन से समाज में आएगी धार्मिक जागृति

टिहरी : बदरीनाथ तीर्थपुरोहितों के गांव राणाकोट में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह मोक्ष ज्ञान यज्ञ के समापन पर भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व राज्य सभा सांसद मनोहर कांत ध्यानी, देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी तथा प्रदेश भाजपा मंत्री मीरा रतूड़ी ने प्रतिभाग किया।

देवप्रयाग से करीब 22 किमी. दूर पौड़ी जिला स्थित अपने पैत्रिक गांव पहुंचे पूर्व सांसद मनोहर कांत ध्यानी का ग्रामीणों ने फूल मलाओं से स्वागत किया। पूर्व राज्य सभा सांसद और विधायक ने कथा व्यास आचार्य भास्कर जोशी से आशीर्वाद लिया। पूर्व सांसद ने कहा कि कथा और धार्मिक आयोजन से समाज में धार्मिक जागृति आती है, साथ ही ऐसे कार्यक्रमों में लोगों को आपसी मिलन भी होता है। मौके पर श्री बदरीश पंडा पंचायत अध्यक्ष प्रवीन ध्यानी, उपाध्यक्ष सुधाकर बाबुलकर, राजेश पालीवाल, पूर्व जिपंस रमावल्लभ भट्ट, नगरध्यक्ष राकेश ध्यानी, नीता ध्यानी, बद्री भट्ट, विनोद कांत, विनय मोहन, प्रदीप ध्यानी, ग्राम प्रधान प्रसन्ना देवी, कैलाश ध्यानी, दुर्गा नंबरदार, मुकेश सतभैया आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## निजी शिक्षण संस्थान से मांगा स्पष्टीकरण

विकासनगर। सहसपुर ब्लॉक अंतर्गत महावीर जयंती के सार्वजनिक अवकाश पर एक निजी शिक्षण संस्थान के खुले रहने पर खंड शिक्षाधिकारी ने संबंधित संस्थान से स्पष्टीकरण तलब किया है।

बीईओ कुंदन सिंह नेगी ने बताया कि गिरीश डालाकोटी नाम के एक व्यक्ति ने सहसपुर ब्लॉक में बीती चार अप्रैल को महावीर जयंती के अवसर एक निजी शिक्षण संस्थान ने छात्र–छात्राओं को बुलाया और कक्षाओं का विधिवत संचालन किया गया। शिकायत मिलने पर संबंधित शिक्षण संस्थान से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। स्पष्टीकरण मिलने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# कांग्रेस ने शिवमूर्ति से हरकी पैड़ी तक पदयात्रा निकाली



हरिद्वार। बुधवार को कांग्रेस ने शिवमूर्ति से हरकी पैड़ी तक पदयात्रा निकाली। हरकी पैड़ी ब्रह्मकुंड में नवनियुक्ति महानगर अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष समेत अन्य नेताओं ने गंगा पूजन किया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि महानगर कांग्रेस जल्द ही 22 साल बेमिसाल वालों से हिसाब दो जवाब दो के साथ सड़कों पर संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि हरिद्वार को नशा मुक्त कराने का हमारा संकल्प कांग्रेस का संकल्प है।

कार्यकारी अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि कांग्रेस आमजन के हितों की लड़ाई लड़ने का काम करेगी। कॉरिडोर और पॉड टैक्सी के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान पीसीसी के सदस्य मुरली मनोहर, राजवीर सिंह, महेश प्रताप राणा, ओपी चौहान, अंकित चौहान, विमल शर्मा साटू, जतिन हाण्डा, विकास चंद्रा, पार्षद राजीव भार्गव, कैलाश भट्ट, महावीर वशिष्ठ, पुनीत कुमार, जगत सिंह रावत, सोम त्यागी, चौधरी बलजीत सिंह, मुकेश त्यागी, भुवनेश पाठक, जगदीश अत्री, चौधरी करतार सिंह खारी, नीरज मंगल, अजय गिरी, तुषार कपिल, शुभम जोशी, शशि झा, नीतू बिष्ट, गार्गी राय, रवि ठाकुर, याज्ञिक वर्मा आदि शामिल रहे।

# भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने के लिए किया प्रदर्शन



ऋषिकेश। राष्ट्रीय हिंदू संगठन ने भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग को लेकर तहसील में प्रदर्शन किया। इस दौरान एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजा गया। बुधवार को राष्ट्रीय हिंदू संगठन के कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में तहसील मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग को लेकर नारेबाजी की। संगठन के प्रदेश मंत्री सुभाष सैनी कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने के लिए मुहिम छेड़ दी गई है। जब तक भारत हिंदू राष्ट्र घोषित नहीं होता, तब तक उनका अभियान जारी रहेगा। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने उक्त मांग को लेकर उप जिलाधिकारी सौरभ असवाल के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेज कर उचित कार्रवाई की मांग उठाई। मौके पर संगठन के नगर अध्यक्ष योगेश, केंद्रीय समस्या समाधान समिति अध्यक्ष राजेश्वर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, नगर सचिव रमेश त्रिपाठी, तहसील संगठन मंत्री ऋषभ गौर, नगर उपाध्यक्ष जगतपाल, महासचिव हरिओम कश्यप, ओमप्रकाश गुप्ता, अनूप सैनी, जिला महिला संगठन मंत्री आशा भट्ट, अविनाश सेमल्टी, मनोज राजपूत, गौरी रावत आदि मौजूद रहे।

## नशीली दवाइयों के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

रुड़की। नशीली दवाइयों की बड़ी खेफ के साथ पुलिस ने नारसन क्षेत्र से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से नशे के 14,400 कैप्सूल और 60,000 टेबलेट बरामद किए गए हैं। एसटीएफ और कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई में आरोपी को धर पकड़ा। एसटीएफ देहरादून के इंस्पेक्टर शरद चंद्र गुसाईं को सूचना मिली कि नशीली दवाइयों की खेफ के साथ एक व्यक्ति राज्य की सीमा में प्रवेश करने का प्रयास कर रहा है। वह अपनी टीम के साथ कोतवाली पहुंचे।

## प्राथमिक विद्यालय हैडसू में खतरे साए में आखर ज्ञान ले रहे नौनिहाल

विकासनगर। चकराता ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय हैडसू में अध्ययनरत नौनिहालों खतरे के साए में आखर ज्ञान ले रहे हैं। विद्यालय भवन की हालत जर्जर होने के कारण दीवारों और छत से अक्सर प्लास्टर गिरता रहता है।

अभिभावकों का कहना है कि शिक्षा विभाग नौनिहालों की सुरक्षा को लेकर संवेदनहीन बना हुआ है। प्राथमिक विद्यालय हैडसू के भवन का निर्माण वर्ष 2008 में किया गया। पंद्रह साल में ही विद्यालय भवन जर्जर हो चुका है।

ग्राम प्रधान प्रीति राणा, अभिभावक राजेंद्र राणा, सतपाल, श्यामानंद, हुसैनदीन, तैयब हुसैन, मीर हुसैन, प्रदीप कुमार, राजू ने बताया कि विद्यालय भवन निर्माण के दौरान भी विभागीय अधिकारियों से घटिया गुणवत्ता की शिकायत की गई थी, लेकिन तब जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा अब नौनिहालों को भुगतना पड़ रहा है। जर्जर विद्यालय भवन में नौनिहाल हर रोज खतरे के साए में आखर ज्ञान ले रहे हैं।

## मंच का स्थापना दिवस आठ को

**कोटद्वार** : ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की ओर से मंच का दसवां स्थापना दिवस समारोह आठ अप्रैल को मनाया जाएगा। इस अवसर पर बालासौड़ रोड़ स्थित एक बारातघर के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगी। लैंसडौन विधान सभा विधायक महंत दिलीप रावत अति विशिष्ट अतिथि और कृषि मंडी समिति अध्यक्ष सुमन कोटनाला विशिष्ट अतिथि होंगे। यह जानकारी मंच अध्यक्ष प्रवेश नवानी ने दी।

## श्याम महोत्सव आठ अप्रैल को

**कोटद्वार** : श्री श्याम मित्र मंडल समिति की ओर से श्याम महोत्सव कार्यक्रम आठ अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए समिति के सचिव मनोज कंसल ने बताया कि आठ अप्रैल को श्याम निशान पद यात्रा बुद्धा पार्क से बाजार क्षेत्र के लिए निकाली जाएगी। इसके उपरांत रात्रि को भजन गायक साहिल शर्मा व आकांक्षा मित्तल भजनों की प्रस्तुति देंगे। कहा कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर आयुक्त वैभव गुप्ता होंगे।

## कोटद्वार में 10 अप्रैल को लगेगा रोजगार मेला

**पौड़ी** : जनपद पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार में आगामी 10 अप्रैल को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में 30 से अधिक कंपनियों द्वारा हिस्सा लिया जाएगा।

क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी ममता चौहान नेगी ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष एवं कोटद्वार विधायक ऋतु खंडूड़ी के निर्देशन पर 10 अप्रैल को कोटद्वार के श्री गुरूराम राय पब्लिक स्कूल कोटद्वार में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। बताया कि मेले में हेल्थ, मार्केटिंग, फार्मा, बीपीओ सैक्टर, विनिर्माण, होटल आदि सेक्टरों के औद्योगिक संस्थान हिस्सा लेंगे। बताया कि रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, फार्मा, होटल प्रबंधन, आईटीआई, बीटेक आदि योग्यताधारक व 108 सेवा के लिए वाहन चालक के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

## 8 अप्रैल से शुरू होगी संस्कृत शिक्षा की बोर्ड परीक्षा

**पौड़ी** : उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां चल रही है। संस्कृत शिक्षा की हाईस्कूल (पूर्वमध्यमा द्वितीय वर्ष) और इंटरमीडिएट (उत्तर माध्यमा द्वितीय वर्ष) की परीक्षाएं 8 अप्रैल से शुरू होगी, जो 21 अप्रैल तक चलेगी। इसके लिए प्रदेश भर में 25 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के मद्देनजर सचल दल से लेकर केंद्र प्रभारी और कस्टोडियन की तैनाती कर दी गई है। पौड़ी जिले में संस्कृत बोर्ड परीक्षाओं के लिए तीन परीक्षा केंद्र क्रमशः जयदयाल अग्रवाल संस्कृत विद्यालय श्रीनगर, ज्वाल्पाधाम संस्कृत विद्यालय ज्वाल्पादेवी और ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय श्री भुवनेश्वरी सिद्धपीठ सितोनस्यूं बनाएं गए हैं। परीक्षा के लिए इसी तरह से अन्य जनपदों में केंद्र बनाएं गए हैं। इस बोर्ड परीक्षा में करीब दो हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे।

संस्कृत शिक्षा के निदेशक एसपी खाली ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं को लेकर परीक्षा केंद्र प्रभारी से लेकर कस्टोडियन तैनात कर दिए गए है। परीक्षाओं को नकलविहीन संपन्न करने के लिए जिलों में सहायक निदेशक संस्कृत की अगुवाई में सचल दल भी बनाएं गए है। परीक्षा के मद्देनजर केंद्रों पर धारा 144 लागू रहेगी।

# महाविद्यालय प्रशासन पर फूटा गुस्सा, छात्रों ने किया प्रदर्शन

### महाविद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर छात्र-छात्राओं का गुस फूट पड़ा। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए प्राचार्य से जल्द समस्या के निराकरण की मांग उठाई। कहा कि विद्यार्थियों को अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बुधवार को विद्यार्थियों ने छात्रसंघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल के नेतृत्व में महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर बैठकर प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने कहा कि महाविद्यालय में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। विद्यार्थियों के लिए बनाए गए शौचालय पूरी तरह बदहाल स्थिति में पड़े हुए हैं। ऐसे में



कोटद्वार महाविद्यालय में प्रदर्शन करते विद्यार्थी

विद्यार्थियों को संक्रामक बीमारियों का भी खतरा बना रहता है। स्वयं के लिए अपने कार्यालय में रसोई का निर्माण करवा रही प्राचार्य को विद्यार्थियों की समस्या नहीं दिखाई दे रही हैं। जबकि, विद्यार्थी पिछले कई माह से व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की भी मांग उठा रहे हैं। कहा कि यदि जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो छात्र एकजुट होकर उग्र आंदोलन चलाएंगे। प्रदर्शन करने वालों में छात्र संघ महासचिव शुभम सुयाल, कोषाध्यक्ष मेघा ध्यानी, दमनदीप, तनिष्क डबराल, कार्तिकेय खंतवाल, अभिषेक रावत, आयुष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# भूस्खलन प्रभावित पुलिंडा के ग्रामीणों ने उठाई विस्थापन की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भूस्खलन से प्रभावित दुगड्डा ब्लॉक के घाड़ क्षेत्र के पुलिंडा गांव के वाशिंदों ने उनके विस्थापन व पुनर्वास की मांग उठाई है। कहा कि पूर्व में आश्वासन के बाद भी अब तक विस्थापन पर ध्यान नहीं दिया गया है। ग्रामीणों ने अन्य जनपदों के गांव के जैसे उन्हें भी विस्थापित करने की मांग की है।

समस्या के संबंध में विस्थापन एवं पुनर्वास संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। समिति के अध्यक्ष केएस नेगी ने बताया कि दुगड्डा ब्लाक के घाड़ क्षेत्र के अंतर्गत पुलिंडा गांव में 1978 से लगातार भूस्खलन हो रहा है। स्थिति यह है कि गांव में हो रहे भूस्खलन से कई घरों में दरारें पड़ चुकी हैं। ग्रामीण शासन प्रशासन से लगातार उनके पुनर्वास की मांग कर चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो रही है। कहा कि गांव के विस्थापन और पुनर्वास के लिए कई बार प्रस्ताव भेजे गए हैं। लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं हुई। नतीजा, बरसात के समय ग्रामीणों को भूस्खलन का अधिक खतरा बना रहता है। कहा कि जैसे सरकार ने रूद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी, उत्तरकांशी सहित अन्य आपदा प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों को विस्थापित किया उसी तरह पुलिंडा के वाशिंदों को भी अन्यत्र विस्थापित किया जाना चाहिए।



पुलिंडा गांव के समीप भूस्खलन क्षेत्र ।

# दुगड्डा से लापता किशोरी को गाजियाबाद से किया बरामद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : दुगड्डा के एक गांव से लापता हुई नाबालिग लड़की को पुलिस ने गाजियाबाद थाना टीला से बरामद कर लिया है। दुगड्डा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सूरत शर्मा ने बताया कि 14 वर्षीय बालिका 15 मार्च को घर से स्कूल के लिए निकली थी। लेकिन, देर शाम तक भी घर वापस नहीं लौटी। घटना के संबंध में स्वजनों की ओर से 17 मार्च को गुमशुदगी दर्ज करवाई गई। बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस की विशेष टीमें गठित की गई थी। पुलिस की टीमें दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के साथ ही उत्तराखंड के अलग-अलग शहरों में तलाशी अभियान भी चला रही थी। बताया कि मंगलवार को गाजियाबाद थाना टीला की पुलिस ने जानकारी दी कि उक्त बालिका को उन्होंने बरामद किया है। जिसके बाद वह अपनी टीम के साथ गाजियाबाद गए और बालिका को कोटद्वार लेकर आए। पूछताछ में बालिका ने बताया कि वह दुगड्डा से बस में सवार होकर गाजियाबाद चली गई थी। कुछ दिन तक वह किसी गढ़वाली परिवार के साथ वहां रही। लेकिन, दो दिन पूर्व जब वह सड़क पर घूम रही थी तो गाजियाबाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया था। उपनिरीक्षक ने बताया कि बालिका पूर्व में भी चार बार घर से भाग चुकी है। बालिका के घर से भागने का कारण पिता द्वारा डांटा जाना बताया।

# सीएम चौबट्टाखाल विस की जनता को देगें विकास की सौगात

### 7 अप्रैल को चौबट्टाखाल तहसील में आयोजित होगा कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आगामी 7 अप्रैल को चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र की जनता को विकास की सौगात देगें। मुख्यमंत्री चौबट्टाखाल तहसील में 22 योजनाओं का शिलान्यास, भूमि पूजन व लोकापर्ण करेगें। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को ससमय पर शिलापट्ट तैयार करने के निर्देश दिये। 16 विभागों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर स्टॉल भी लगाये जायेंगे। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री एवं चौबट्टाखाल के विधायक सतपाल महाराज सहित अन्य मंत्री व विधायक उपस्थित रहेंगे।

आगामी 7 अप्रैल को चौबट्टाखाल तहसील में मुख्यमंत्री के आगमन की



एडीएम ईला गिरी एनआईसी कक्ष में आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

तैयारियों के संबंध में विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ अपर जिलाधिकारी ईला गिरी की अध्यक्षता में एनआईसी कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन पर संबंधित विभाग समुचित व्यवस्था पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग व पीएमजीएसवाई विभाग को कार्यक्रम स्थल पर मंच, साउण्ड, एलईडी टीवी की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने जल संस्थान को पेयजल व्यवस्था व नगर पंचायत सतपुली, जिला पंचायत को कार्यक्रम स्थल व हैलीपैड पर बेहतर साफ-सफाई, मोबाइल टॉयलेट रखने, चूना छिड़काव करने के निर्देश दिये। कहा कि कार्यक्रम समाप्ति बाद कार्यक्रम स्थल पर पुनः साफ-सफाई व कूड़ा निस्तारण करें। अपर जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को कार्यक्रम में लाभार्थियों को लाने, पुलिस व परिवहन विभाग को वाहनों हेतु पार्किंग, पुलिस विभाग को यातायात व सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने उपजिलाधिकारी चौबट्टाखाल को सभी व्यवस्थाओं का समन्वय करने के निर्देश दिये। बैठक में परियोजना अधिकारी डीआरडीए संजीव कुमार रॉय, जिला विकास अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह चौहान, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड धन सिंह कुटियाल, लैंसडौन पीएस बिष्ट, बैजरों विवेक सेमवाल, जिला पर्यटन अधिकारी प्रकाश खत्री, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सतपुली सीमा रावत सहित अन्य अधिकारी वीसी के माध्यम से उपस्थित रहे।

# राजस्व पुलिस ने नाबालिग के साथ दुराचार के आरोपित को किया गिरफ्तार

### मामला रेगुलर पुलिस को ट्रांस्फर करने के लिए भेजा पत्र

**पौड़ी** : पौड़ी तहसील के एक राजस्व गांव में नाबालिग के साथ दुराचार के आरोप में वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। राजस्व पुलिस ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया जा रहा है। वहीं मामले को रेगुलर पुलिस को ट्रांस्फर करने के लिए भी पत्र भेजा गया है।

राजस्व उपनिरीक्षक दीपक देवरानी ने बताया कि पौड़ी तहसील के एक राजस्व गांव की रहने वाली नाबालिग लड़की के पिता ने तहरीर दी थी कि उनकी बेटी को एक व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। आरोप है कि उनकी बेटी का जबरन शारीरिक शोषण किया गया और साथ ही किसी को ना बताने का दबाव बनाते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई। जिस पर राजस्व पुलिस ने नाबालिग को सकुशल बरामद किया। साथ ही आरोपी महेश कुमार को गिरफ्तार किया। नाबालिग का मेडिकल करवाते हुए आरोपी के विरुद्ध दुराचार, पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया जा रहा है। उधर, इस मामले को रेगुलर पुलिस को जांच के लिए पत्र भी भेजा गया है।

## डा. आंबेडकर जयंती पर होगें कार्यक्रम

श्रीनगर गढ़वाल : संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर चेतना समिति के तत्वावधान में डॉ. आंबेडकर की जंयती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समिति के अध्यक्ष मंगत मठियाल ने बताया कि सात अप्रैल को एनआईटी मैदान में एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। साथ ही नौ अप्रैल को नगर निगम सभागार में 11 बजे से सीनियर वर्ग, जूनियर वर्ग और प्राथमिक वर्ग की भाषण, निबंध, पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित होगी। (एजेंसी)

# अपने बच्चों को सरकारी विद्यालय में पढ़ाएं अभिभावक

### पब्लिक इण्टर कालेज सुरखेत की ओर से निकाली गई रैली

**कोटद्वार** : एकेश्वर ब्लॉक के पब्लिक इण्टर कालेज सुरखेत में शैक्षिक सत्र 2023-24 में छात्र नामांकन वृद्धि के लिए चलाए जा रहे 'विद्यालय प्रवेश चिह्नांकन पखवाड़ा के तहत एनएसएस स्वयंसेवियों ने प्रवेशोत्सव रैली निकालकर अभिभावकों से सम्पर्क कर उन्हें अपने पाल्यों के स्कूल में प्रवेश लेने हेतु प्रेरित किया।

विद्यालय परिसर से शुरू हुई प्रवेशोत्सव रैली को प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वयं सेवियों ने विद्यालय के सेवित गांवों रणस्वा, धरासू, ढंगसोली,




मरड़ा, बुरसोली, मैंणा, पिलखेरा और सगोड़ा में जाकर छठवीं और नवीं कक्षा में प्रवेश लेने वाले बच्चों के घर जाकर उनके अभिभावकों को अपने पाल्यों का प्रवेश विद्यालय में करवाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में 1 अप्रैल से नया सत्र प्रारम्भ कर दिया गया है। शैक्षिक सत्र 2023-24 में छात्र नामांकन वृद्धि के लिए 27 मार्च से 11 अप्रैल तक विद्यालय के सेवित क्षेत्रों में गांव-गांव जाकर 'विद्यालय प्रवेश चिह्नांकन पखवाड़ा के तहत नवीन प्रवेश लेने वाले बच्चों की जानकारी एकत्रित की जा रही है। स्वयं सेवियों की टीम में करन सिंह, मोहित, अरूण, अवनीश, करिश्मा, मानसी, रौनक, रोहित, आयुष, रितिका, साक्षी, प्रियांशु पांथरी, आकाश रावत, आशीष पांथरी सहित सभी स्वयं सेवी मौजूद रहे। शिक्षक रंजीत कुमार, विपिन रावत, कैलाश थपलियाल, विपिन सिंह और विमल किशोर बिडालिया आदि शिक्षकों ने छात्रों का मार्ग दर्शन किया।

# जयंती पर सरला बहिन व जगजीवन राम को किया याद

### गढ़वाल सर्वोदय मंडल की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : गढ़वाल सर्वोदय मंडल की ओर से महात्मा गांधी की शिष्य सरला बहिन व पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती मनाई गई। इस दौरान सदस्यों ने समाज सेवा के लिए महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

बुधवार को व्यापार मंडल सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीता गुप्ता, योगेश पांथरी, रतन सिंह नेगी, चक्रधर शर्मा 'कमलेश', सर्वोदय सेविका शशिप्रभा रावत ने सरला बहिन व पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम को श्रद्धांजलि अर्पित की। सर्वोदयी सेविका शशिप्रभा रावत ने कहा कि 1932 में जब कैथरीन भारत आई तो गांधी विचारधारा से इतनी प्रभावित हो गई की यहीं की होकर रह गयी। तब गांधी जी ने उनका अंग्रेजी नाम कैथरीन मैरी हेईलमैन बदलकर सरला बहिन रख दिया। उनक मानना था कि अंग्रेजों को भारत छोड़ देना चाहिए व भारतीयों को स्वतंत्रता देनी चाहिए, जिसका प्रतिफल था कि वे अपने ही देश के खिलाफ भारत छोड़ो आंदोलन में कूद गई। मुख्य अतिथि योगेश पांथरी ने पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व. बाबू जगजीवन राम के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि बाबू जी के नाम से लोकप्रिय जगजीवन राम एक उच्च शिक्षा प्राप्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सामाजिक न्याय के योद्धा, ख्याति प्राप्त राष्ट्रीय नेता, उत्कृष्ट सांसद, एक सच्चे लोकतंत्रवादी समर्थ केन्द्रीय मंत्री, सक्षम प्रशासक और भारत के असाधारण रूप से प्रतिभाशाली वक्ता थे। उनका एक विशाल व्यक्ति था और उन्होंने भारतीय राजनीति में प्रतिबद्धता, समर्पण के साथ



कार्यक्रम में मौजूद सदस्य

आधी सदी से अधिक लम्बी पारी खेली, वे जिस भी विभाग के मंत्री पद पदासीन हुए उसका कुशलता दूरदर्शिता से नेतृत्व किया और ऐतिहासिक विकास कार्य करते हुए फलीभूत हुआ। 5 अप्रैल 1908 को बिहार के शाहाबाद जिले के छोटे से गांव चंदवा में जन्मे बाबू जगजीवन राम का 06 जुलाई 1986 को देहावसान हुआ। इस मौके पर प्रवेश नवानी, सत्यप्रकाश थपलियाल, पूर्व डीएफओ धीरजधर बछुवान, शूरबीर खेतवाल, विनय रावत, गौरव रावत, राजेंद्र पन्त, कर्नल बिमला रावत, सुनीता बिष्ट, जयबीर सिंह रावत, पूरन सिंह रावत, विकास आर्य, विजय लखेड़ा, अरुण कुमार, नरोत्तम शर्मा, राकेश अग्रवाल, लक्ष्मी देवी, अमेरिका सिंह, नेत्र सिंह रावत आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन पीएल खंतवाल व सुरेंद्र लाल आर्य ने किया।

# जन्म दिन पर किया रक्तदान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार:** शिक्षक डॉ. सौरभ मिश्रा ने अपने जन्म दिन पर रक्तदान किया। इस दौरान शिक्षक ने समाज के अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया है।

डॉ. सौरभ मिश्रा राजकीय इंटर कालेज धोबीघाट में कार्यरत है। सौरभ मिश्रा ने बताया कि वह अब तक बीस बार रक्तदान कर चुके हैं। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्म दिन पर अवश्य रक्तदान करना चाहिए। हमारे द्वारा दिए गए रक्त से किसी व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। बताया कि उन्होने इस बार वैलेन्टीयर रुप में रक्तदान न करके बीईएल कोटद्वार में सेवारत प्रदीप बडोला की माताजी को रक्तदान दिया है। बताया कि प्रदीप बड़ोला की माता वर्तमान में एनीमिया से ग्रस्त हैं। उन्हें 2 यूनिट बी पॉजीटिव खून की आवश्यकता थी। उन्होंने एक यूनिट रक्त दान किया।



कोटद्वार में रक्तदान करते शिक्षक डा. सौरभ मिश्रा

# धूमधाम से मनाया स्कूल का वार्षिकोत्सव



पिथौरागढ़। बनकोट में श्रीमती जमुना बनकोटी सरस्वती शिशु मंदिर,विवेकानंद विद्या मंदिर बनकोट का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया।विद्यालयी बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। इस दौरान विद्यालय का परीक्षाफल वितरित किया गया।

बुधवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में का बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगोला ने शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल के कार्यों की सराहना की। कहा कि यह विद्यालय क्षेत्र के छात्रों के समग्र विकास के लिए गंभीरता से काम कर रहा है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य लग्गा ढनोला ने भाग लिया। उन्होंने सभी को बधाई दी। क्षेत्रीय प्रतिनिधि जैक बोरा,जिला पंचायत सदस्य गणाई चंदन बाणी ,दीपा गंगोला ने भ्ज्ञी अपने विचार प्रकट किए। संचालन अभिनेष बनकोटी ने किया । इस मौके पर प्रधानाचार्य कैलाश पाठक , भूपेश बनकोटी, शिवनाथ बनकोटी, उमेद बनकोटी,दिनेश बनकोटी,रघुवीर बनकोटी,जगदीश मेहता सहित विद्यालय स्टाफ, अभिभावक, क्षेत्रीय जनता ,विद्यालयी बच्चे उपस्थित रहे।

## नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी

चम्पावत। पीजी कॉलेज में जी–20 के तत्वाधान में एंट्री ड्रग सेल की ओर से नशा छोड़ो परिवार जोड़ो भाषण प्रतियोगिता हुई। इस दौरान छात्र–छत्राओं ने भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया। बुधवार को डॉ जेडी जोशी की अध्यक्षता एवं डॉ भूपेंद्र औलख के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में प्राध्यापकों ने नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी। प्रतियोगिता में अनुष्का जोशी प्रथम, चंद्रवेश दूसरे और कमलदीप तीसरे स्थान पर रहे। इस दौरान डॉ अल्का एवं डॉ सुशीला आर्या ने नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी।

# खेत में मिला गुलदार का क्षत–विक्षत शव



अल्मोड़ा। आपसी संघर्ष में एक मादा शावक की मौत हो गई। शावक क्षत–विक्षत हालत में झिलोली गांव के एक खेत में मिला। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पोस्टमार्टम कराया। बुधवार को झिलोली गांव के एक खेत में ग्रामीणों ने एक गुलदार का क्षत–विक्षत शव देखा। जिसकी सूचना उन्होंने वन विभाग को दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने औपचारिकता पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेजा। वन दरोगा हीरा सिंह बिष्ट ने बताया कि शावक करीब एक मीटर 36 इंच लंबा है। उन्होंने बताया कि इन दिनों काफी तादात में गुलदार दिखाई दे रहे है। यह गुलदार भोजन की तलाश में आदम बस्तियों की ओर आते है। इसी दौरान संघर्ष हुआ होगा और इस शावक की मौत हो गई होगी। उन्होंने बताया कि मुख्यालय भेज कर मृत शावक का पोस्टमार्टम करा दिया गया है। वहीं क्षेत्रवासियों ने कहा कि गुलदार का आतंक बढ़ते जा रहा है। वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की ताकि उनके बच्चे, मवेशी सुरक्षित रह सके। अक्सर यहां पर गुलदार दिखाई दे रहे हैं। शाम होते ही वह घरों के अंदर दुबक रहे हैं।

# चाय बोर्ड प्रभारी डेसमंड ने दिया इस्तीफा

चम्पावत चाय विकास बोर्ड के प्रभारी डेसमंड बर्कबेक ने पद से इस्तीफा दे दिया है। उत्तराखंड चाय बोर्ड ने त्यागपत्र मंजूर कर लिया है। बर्कबेक चम्पावत। चम्पावत चाय विकास बोर्ड के प्रभारी डेसमंड बर्कबेक ने पद से इस्तीफा दे दिया है।

उत्तराखंड चाय बोर्ड ने त्यागपत्र मंजूर कर लिया है। बर्कबेक का सात साल का सेवाकाल अभी बाकी था। 25 साल से अधिक समय तक चम्पावत में चाय विकास बोर्ड के प्रभारी रहे डेसमंड के प्रयासों से देश विदेश में चम्पावत की चाय की अलग पहचान बनी। वर्ष 1997 में जिले में एकमात्र सिलिंगटॉक में आठ हेक्टेयर क्षेत्र में चाय के बागान थे। जो वर्तमान में बढ़कर 240 हेक्टेयर क्षेत्र में फैल गए हैं। चम्पावत चाय बागान में उगाई जाने वाली जैविक चाय कोलकत्ता टी बोर्ड के माध्यम से अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मन आदि देशों को निर्यात की जाती है। चाय के अलावा जिले मुख्यालय में पर्यटन को भी बढ़ावा मिला है। इसके साथ ही 300 से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। जिसमें डेसमंड की अहम भूमिका रही।

## 41 टिन अवैध लीसे,150 लीटर एसिड के साथ तीन गिरफ्तार

पिथौरागढ़। पुलिस ने 41 टिन अवैध लीसा, 150 लीटर एसिड के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। टीम ने सामान जब्त कर आरोपियों को वन विभाग को सौंप दिया है।

बेरीनाग में पुलिस टीम ने निरीक्षक प्रभात कुमार के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया। सूचना मिलने पर राईआगर के पास जंगल से सटे मकान में पुलिस टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान नेपाल निवासी भारत धामी,लोकेश धामी,गणेश धामी के पास से 41 टिन अवैध लीसा, 150 लीटर एसिड बरामद किया। तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 26 (1), 40, 41 के तहत कार्रवाई की जा रही है। टीम में मोहन सिंह, राजकुमार, नरेंद्र मेहता, वन दरोगा शुभम पाठक मौजूद रहे।

## यूथ कांग्रेस ने प्रधानमंत्री से पूछे सवाल

बागेश्वर। यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछे हैं। उनका कहना है कि उनके प्रतिनिधि सांसद संसद से प्रशन नहीं कर सकते, इसलिए अब वह सीधे सवाल कर रहे हैं।

उन्होंने पीएम से पूछा कि अब तक अड़ानी ने बीजेपी को कितने करोड़ का फंड दिया है। आपके अधिकारिक विदेशी दौरे के बाद अडानी को कितने रुपये मिले। देश के लोगों को वह सूत्र भी बताएं जिससे आपका मित्र अडानी दुनिया के 609 वें स्थान से आठ सालों में दूसरे नंबर के धनी व्यक्ति बन गए। वह सांसद तो नहीं हैं, लेकिन मतदाता जरूर हैं।

# काशीपुर में संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप



काशीपुर। हल्दुवा साहू में मंगलवार शाम एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में फांसी के फंदे से लटककर मौत हो गई। महिला के मायके पक्ष ने हत्या की आशंका जताते हुए ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार मंगलवार देर शाम करीब साढ़े सात बजे हल्दुवा साहू निवासी 24 वर्षीय पलविंदर कौर अपने कमरे में थी। परिवार के लोग अन्य कार्यों में व्यस्त थे। परिजनों ने जब पलविंदर के कमरे में जाकर देखा तो वह चुन्नी का फंदा बनाकर फांसी पर लटकी हुई थी। परिजनों ने उसे नीचे उतारा तो उसकी मौत हो चुकी थी। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर मृतक के मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गये और ससुरालियों पर दहेज हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी। बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

हथ्मना गांव थाना बहेड़ी उत्तरप्रदेश निवासी टहल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वर्ष 2020 में उन्होंने अपनी पुत्री पलविंदर कौर की शादी हल्दुआ साहू थाना कुंडा निवासी गुरमेज सिंह के साथ की थी। शादी में सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया गया था। आरोप है कि पुत्री के ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे और पांच लाख रुपये व फार्च्यूनर कार की मांग करने लगे। इसे लेकर ससुराली उनकी पुत्री के साथ मारपीट और उत्पीड़न करने लगे। मामले में पुलिस ने कई बार काउंसलिंग भी कराई। मंगलवार को उनकी पुत्री ने फोनकर दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने की जानकारी दी। इसके कुछ देर बाद ससुराल के पड़ोसियों ने उनकी पुत्री की मौत की सूचना दी। पीड़ित ने पति व ससुरालियों पर पुत्री की हत्या की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की है। थाना कुंडा प्रभारी दिनेश फर्त्याल ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की तफ्तीश की जा रही है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया



चम्पावत। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में सीजेएम अरुण बोहरा समेत 12 लोगों ने रक्तदान किया। लोगों को रक्तदान से होने वाले फायदों की जानकारी दी गई। जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष कहकशा खान के मार्गदर्शन में न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर लगाया। सीएमओ डॉ.केके अग्रवाल ने रक्तदान से होने वाले फायदे की जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव हेमंत सिंह राणा, जिला बार संघ अध्यक्ष राम सिंह बिष्ट, पीएलवी राजीव मुरारी, सोनी, इजहार अली, अमित कुमार, नन्हे लाल, गोपाल पांडेय, दीपक सिंह चौधरी, विद्याधर जोशी, संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष तारा दत्त जोशी ने रक्तदान किया।

## वन पंचायतों को सशक्त करने की मांग मुखर

बागेश्वर। वन पंचायत संगठन ने वन पंचायतों को सशक्त करने की मांग की है। मुख्यमंत्री को 13 सूत्रीय मांग पत्र भेजकर इस मामले में आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

बुधवार को संगठन द्वारा भेजे गए ज्ञापन में कहा है कि उत्तराखंड में स्थित वन पंचायत लोक आधारित वन प्रबंधन की एक लोकप्रिय अनूठी व्यवस्था है। जिसे हमारे बुजुर्गों ने ब्रिटीश हुकुमत के साथ एक लंबे संघर्ष के बाद हासिल किया था।

# डीएम ने किया विद्यालय एवं महिला आश्रम का निरीक्षण

पिथौरागढ़। जिलाधिकारी रीना जोशी ने मुवानी स्थित शेर सिंह कार्की सरस्वती विहार विद्यालय एवं महिला आश्रम का स्थलीय निरीक्षण किया।

उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को विद्यालय के निर्माणाधीन बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण कार्य समय पर पूर्ण कराए जाने को कहा। जिलाधिकारी ने हेलीपैड स्थल का भी निरीक्षण किया तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर हैलीपेड का स्टीमेट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।इस दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यालय के उत्तर दिशा में स्थित बरसाती गदेरे गधेरे से विद्यालय के भू– कटाव को रोकने हेतु सेफ्टी वॉल के निर्माण की मांग जिलाधिकारी से की।जिस पर जिलाधिकारी सिंचाई विभाग के अधिकारी को सेफ्टी वॉल का स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दि इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार जुकरिया, जिला शिक्षा अधिकारी हवलदार प्रसाद, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग पुनीता रानी, विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकुल कांडपाल उपस्थित रहे।

## एक गिरफ्तार

पिथौरागढ़। सार्वजनिक स्थान में शराब पीकर हुडदंग मचाने पर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

बेरीनाग में पुलिस ने चेकिंग के दौरान बासीखेत निवासी पंकज सिंह को लडाई–झगडा व उत्पात मचाने पर पकड लिया।

आरोपी के खिलाफ धारा 151सीआरपीसी के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# पीआरडी जवान की मौत का नहीं हुआ खुलासा, आक्रोशित परिजनों ने किया हाईवे जाम



बागेश्वर। मृतक पीआरडी जवान खुशाल राम का शव बीते दिनों जंगल से बरामद हुआ। स्वजनों ने हत्या की संभावना व्यक्त की। अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होने पर स्वजन और ग्रामीणों में आक्रोश था। उन्होंने बुधवार को कपकोट पुल पर चक्काजाम कर दिया। जिससे वाहनों की लंबी कतार लग ई। जाम की सूचना पर थानाध्यक्ष कैलाश बिष्ट दलबल के साथ पहुंचे। उन्होंने जाम में फंसे वाहनों को निकालने का प्रयास किया, लेकिन धरने पर बैठे लोग नाराज हो गए। उन्होंने पुलिस पर आंदोलन को कमजोर करने का आरोप लगाया। इस दौरान उनकी पुलिस से नोकझोंक भी हुई।एसडीएम और सीओ के आने पर मामला हुआ शांतः इसके बाद उन्होंने दोबारा जाम लगा दिया। जाम के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उपजिलाधिकारी मोनिका और सीओ शिवराज सिंह धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने आंदोलन कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया। स्वजनों ने कहा कि खुशाल की हत्या कर शव तुपेड़ के भगवती मंदिर के पीछे के जंगल में फेंका गया है। हत्यारोपी अभी तक नहीं पकड़े गए हैं। उन्होंने पूरे मामले की सीबीआई जांच करने की मांग की।चेतावनी दी कि यदि 25 दिन के भीतर मामले का राजफाश नहीं हुआ तो जिला मुख्यालय में धरना देंगे। दो घंटे के धरने के बाद उन्होंने अपना कार्यक्रम स्थगित कर दिया।

इस मौके पर प्रकाश तिरुवा, सभासद तनुज तिरुवा, राजू प्रसाद, हरीश उपाध्याय, दान सिंह गढ़िया, हिम्मत सिंह ऐठानी, कपकोट व्यापार मंडल अध्यक्ष तारा सिंह कपकोटी, कंचन बाफिला, दीप चंद जोशी, रमेश तिरुवा, हेमा, दीपा, गोविंदी, कमला आदि उपस्थित थे।

## भालू के आतंक से निजात दिलाने की मांग

बागेश्वर। तहसील के बदियाकोट, पटाक में लंबे समय से भालू का आतंक बना हुआ है। इससे लोग दशहत में हैं। इस समस्या को लेकर क्षेत्र के लोग ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने ब्लॉक प्रमुख को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की है। बुधवार को ब्लॉक प्रमुख गोविंद दानू को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों का कहना है कि पिछले चार–पांच दिन से उनके गांव में भालू का आतंक बना हुआ है। भालू ने मधुमक्खियों के बॉक्सों को नुकसान पहुंचाया है। इसके अलावा दस लोगों के बकिरयों को मार डाला है। भालू रोजाना रात 11 से 12 बजे के बीच गांव में धमक रहा है और किसानों को नुकसान पहुंच रहा है। इस समस्या को उन्होंने पिंडारी ग्लेशियर के रेंजर भी बता दिया है। रात्रि गश्त बढ़ाने की भी मांग कर दी है, लेकिन समस्या आज बनी हुई है। ज्ञापन सौंपने वालों में तारा दानू, धमेंद्र सिंह, हीरा सिंह, जोध सिंह, अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।

# नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भाजपा सरकार को घेरा



काशीपुर। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने बुधवार को भाजपा सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश का दुर्भाग्य है कि सबका साथ सबका विकास की बात कहने वाली सरकार पिछले साल पूरा बजट खर्च ही नहीं कर पाई, जबकि विभागवार धनराशि रिलीज की गई थी। इसका जिम्मेदार कौन है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अफसरशाही बेलगाम हो गई है। नेता प्रतिपक्ष आर्य बुधवार को रामनगर रोड स्थित कांग्रेस नेता के प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने बिजली के करीब 10 प्रतिशत दाम बढ़ा दिए हैं। पर्वतीय क्षेत्र में जल विद्युत परियोजनाएं के लिये जमीन से लेकर अन्य संसाधन सब पहाड़ ने दिया, लेकिन आज राज्य को ऊर्जा प्रदेश कहने वाली सरकार बिजली के दाम बढ़ाकर आमजन पर बोझ डाल रही है। उन्होंने कहा कि सर्किल रेट पूरे प्रदेश में 120 प्रतिशत तक बढ़ा दिये गये हैं। आज काशीपुर में अधिवक्ता आंदोलन कर रहे हैं। पानी महंगा हो गया है। प्रदेश में किताबें–कापियों के दाम बढ़ा दिये गए हैं। पूरे प्रदेश में बागवानी व किसानों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार को सर्वे कराकर तत्काल नुकसान का मुआवजा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा महसूस होता है कि देश में अघोषित आपातकाल है, भारत का लोकतंत्र खतरे में है। संविधान को खत्म करने की कोशिशें हो रही हैं। कहा कि देश में भय, नफरत का माहौल बन चुका है। देश के महत्वपूर्ण मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने को विपक्ष को लगातार कमजोर करने की कोशिश हो रही है। उद्योगपतियों को सरंक्षण दिया जा रहा है।

# अधिवक्ताओं तथा सामाजिक संगठनों का धरना जारी



काशीपुर। सर्किल रेट और 210 एलआर एक्ट की फाइलें एसडीएम कोर्ट वापस भेजने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं और सामाजिक संगठनों का बुधवार को भी रजिस्ट्री कार्यालय परिसर में धरना जारी रहा। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि यह आंदोलन केवल अधिवक्ताओं के हित का नहीं, बल्कि सर्किल रेट बढ़ने से आम जनमानस खासकर गरीब तबका ज्यादा प्रभावित हुआ है। जहां एक तरफ तमाम सरकारी योजनाएं गरीबों को छत के नीचे देने की बात कही जाती है, वहीं सर्किल रेट बढ़ाकर गरीबों की छत छीनने का प्रयास किया जा रहा है। संचालन करते हुए बार सचिव प्रदीप चौहान ने कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं हो जाती उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान सनत पैगिया, कैलाश बिष्ट, राम कुमर चौहान, आनंद रस्तोगी, अंकित चौधरी, संदीप सहगल, उमेश जोशी आदि मौजूद रहे।

## जुआ खेलते 6 लोग गिरफ्तार

काशीपुर। यूकेलिप्टस के सरकारी बाग के पास जुआ खेल रहे छह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 12 हजार रुपये की नकदी और ताश की गड्डी बरामद की गई है। मामले में केस दर्ज किया गया है। बुधवार को एसओजी टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ अभियान चला रही थी। इसी बीच टीम को सूचना मिली कि कुछ लोग कुदइयोंवाला में यूकेलिप्टस बाग के पास जुआ खेल रहे हैं। एसओजी टीम ने यहां चार बाइकों की आड़ में जुआ खेल रहे छह लोगों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके पास से एक ताश की गड्डी और 12750 रुपये नकदी बरामद की। पकड़े गये आरोपियों ने अपना नाम उस्मान अली निवासी बसई कुंडा, लईक निवासी सरबरखेड़ा, कुंडा और उमर अशफाक निवासी सरबरखेड़ा बताया।

# प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में निकाली बाइक रैली



बागेश्वर। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत पहली बार बाबा बागनाथ की नगरी में पहुंचे। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं के साथ उनका भव्य बाइक रैली निकाल किया स्वागत। इस अवसर पर शशांक रावत ने कहा की सीएम धामी ने सख्त नकल विरोधी कानून बनाकर नकल माफियाओं की कमर तोड़ दी है। इसके लिए हम सब उनका धन्यवाद करते हैं। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद शशांक रावत पहली बार बागेश्वर पहुंचे हैं उनके यहां पहुंचने पर बाइक रैली निकाल कर भव्य स्वागत किया गया। रैली के माध्यम से सख्त नकल विरोधी कानून बनाने पर सीएम धामी का आभार भी जताया। साथ ही केंद्र और राज्य की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी रैली के माध्यम से जनता को दी। इस मौके पर शशांक रावत ने कार्यकर्ताओ से एकजुट होकर केंद्र और राज्य की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत कर अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ने को कहा। साथ ही आगामी लोक सभा और निकाय चुनावों में अभी से जुटने को कहा। उन्होंने कहा की पीएम मोदी और सीएम धामी के नेतृत्व में देश और राज्य लगातार प्रगति के पथ पर आगे बड़ रहा है। वो दिन दूर नही जब राज्य देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बन जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव, विधायक कपकोट सुरेश गड़िया, पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट, प्रकाश साह, घनश्याम जोशी, रमेश तिवारी, रवि रौतेला, कैलाश सिंह, नंदन सिंह, दयाल कांडपाल , संजय परिहार आदि मौजूद थे।

# पुस्तकें ज्ञान का अक्षुण कोष : नौटियाल

## दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी शुरू

जयन्त प्रतिनिधि।

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग एवं अजीम प्रेम जी फाउंडेशन और अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में बिडला परिसर में दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। प्रदर्शनी में 200 वर्षों से शिक्षा में उपयोग में लाई जा रही 8124 पुस्तक एवं शिक्षा से संबंधित दस्तावेज ऑफलाइन एवं ऑनलाइन मोड में शामिल किए गए हैं।

इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने कहा कि पुस्तकें ज्ञान का अक्षुण कोष होती हैं। पुस्तकों से व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ चारित्रिक गुणों का विकास होता है।

उन्होंने पुस्तकों को पढ़ने की विभिन्न कलाओं एवं कौशलों के महत्ता के बारे में भी बताया। इस मौक पर अजीम प्रेम जी विश्वविद्यालय बेंगलुरु स्कूल ऑफ एजुकेशन विभाग के प्रो. गिरिधर राव ने पुस्तक प्रदर्शनी के द्वारा छात्रों को ज्ञान के इतिहास से परिचित और भाषा विकास में पुस्तकों के महत्व को बताया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. रमा मैखुरी ने नई शिक्षा नीति-2020 में वर्णित तीन स्तंभ रिडिंग, राइटिंग और क्रिटिकल थिंकिंग के विषय में चर्चा की।

इस अवसर पर अजीम प्रेम जी विश्वविद्यालय बंगलूरू की नॉलेज रिसोर्स सेंटर की प्रमुख डॉ. रश्मि मिश्रा, गढ़वाल विवि के केंद्रीय पुस्तकालय के अध्यक्ष डॉ. एमएस राणा ने पुस्तक के महत्व एवं केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा वर्तमान समय में किए जा रहे कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया।

मौके पर गढ़वाल विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनिल कुमार नौटियाल, प्रो. सीमा धवन, डा. देवेंद्र सिंह, डॉ. शंकर सिंह, डॉ. हीरालाल यादव, प्रदीप अंथवाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## छात्र देश और समाज के प्रति जिम्मेदारी समझें : सुबोध उनियाल

देहरादून। छात्र देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें, ताकि वे समाज को बदलने में अपना योगदान दे सकें। ये बात तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) में चल रहे दो दिवसीय एथलेटिक्स मीट व टैक्नो फेस्ट कौथिग के समापन अवसर पर मंगलवार को कही। उन्होंने छात्रों को जिम्मेदार बनाने के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे विवि देश और दुनिया के विश्वविद्यालयों के सामने मजबूती से खड़ा हो सकेगा। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि विवि जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ पूर्ण पारदर्शिता एवं दृढ़संकल्पित है। इस दौरान तकनीकी एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में छात्र–छात्राओं ने विभिन्न लोक गीत, नृत्य व संगीत के माध्यम से उत्तराखंड के अलावा विभिन्न राज्यों की परंपराओं की छटा बिखेरी। कार्यक्रम में बिरला इंस्टीट्यूट आफ साइंस भीमताल के छात्र हर्षवर्धन को मिस्टर व संस्थान की छात्रा प्रिया तिवारी को मिस युनिवर्सिटी का खिताब दिया गया।

# 4 नवोदित उदयीमान लेखकों को प्रतिवर्ष सम्मानित किया जाएगा : धामी

## हमारी लोक भाषाएं-बोलियाँ हमारी पहचान व गौरव



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्ष 2023-24 में राज्य सरकार की ओर से प्रथम बार लोक भाषाओं व लोक साहित्य में कुमाउनी, गढ़वाली अन्य उत्तराखण्ड की बोलियों व उपबोलियों सहित हिन्दी, पंजाबी एवं उर्दू में दीर्घकालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन व अनवरत साहित्य सेवा के लिए प्रतिवर्ष उत्तराखण्ड साहित्य गौरव सम्मान प्रदान करने घोषणा की।

इसके साथ ही गढ़वाली, कुमाउनी व जौनसारी तीन लोक भाषाओं तथा हिन्दी भाषा में 4 नवोदित उदयीमान लेखकों को प्रतिवर्ष सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी लोक भाषाएं एवं बोलियां हमारी पहचान और गौरव है। राज्य सरकार स्थानीय भाषाओं, बोलियों व संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरन्तर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने राज्य के प्रत्येक जनपद में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय भाषा सम्मेलन आयोजन करने के निर्देश भी दिए। यह भाषा संस्थान की एक बहुआयामी योजना होगी जिसमें शोध पत्रों का वाचन, भाषा संबंधी विचार विनिमय, साहित्यिक शोभायात्रा, लोक भाषा सम्मेलन आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वर्ष 2014 के बाद बुधवार को सचिवालय में पहली बार मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में उत्तराखण्ड भाषा संस्थान की बैठक हुई। संस्थान की प्रबन्ध कार्यकारिणी एवं साधारण सभा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आगामी मई माह में भव्य समारोह आयोजित कर उत्कृष्ट साहित्यकारों को उक्त पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री धामी ने उत्तराखण्ड के ऐसे रचनाकारों, जो अर्थाभाव के कारण अपनी पुस्तकों का प्रकाशन नहीं करा पाते हैं, उन्हें उत्तराखण्ड भाषा संस्थान द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में आंशिक अनुदान दिए जाने के प्रस्ताव पर भी स्वीकृति दी। मुख्यमंत्री ने राज्य के प्रत्येक जनपद के 1 प्राथमिक विद्यालय में डिजिटल/ई पुस्तकालय स्थापित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में राज्य में नेशनल बुक ट्रस्ट के साथ मिलकर पुस्तक मेले का आयोजन तथा पुस्तक मेले में साहित्यिक संगोष्ठियों के आयोजन पर भी स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही राज्यभर में सुविख्यात लेखकों की व्यखानमालाएं आयोजित की जाएगी। बैठक में उत्तराखण्ड भाषा संस्थान द्वारा साहित्यिक एवं शोध पत्रिकाओं के प्रकाशन पर भी सहमति बनी। इसके साथ ही लोक भाषाओं के मानकीकरण हेतु कार्यशालाओं व प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन हेतु भी स्वीकृति दी गई। सम्बन्धित अधिकारियों ने कहा कि उत्तराखण्ड में विभिन्न क्षेत्रों में गढ़वाली, कुमाउनी व जौनसारी बोलियों को बोलने वाले व लिखने वाले अलग–अलग हैं, जिनके लेखन में शब्दों का औच्चारणिक विभेद है। गढ़वाली एवं कुमाउनी बोली भाषा के औच्चारणिक एवं वर्तनी के मानकीकरण की अत्यंत आवश्यकता है। उत्तराखण्ड भाषा संस्थान द्वारा उत्तराखण्ड में जनपद तथा राज्य स्तरीय भाषायी प्रतियोगिता आयोजित कराई जाएगी। बैठक में भाषामंत्री सुबोध उनियाल, सचिव विनोद प्रसाद रतूड़ी, अपर सचिव एवं निदेशक उत्तराखण्ड भाषा संस्थान श्रीमती स्वाति भदौरिया, सदस्य डॉ. सुलेखा डंगवाल, प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री, डॉ. सुधा पाण्डेय, डॉ. हरिसुमन बिष्ट, प्रो. देव पोखरिया आदि मौजूद रहे।

# एसपी पहुंची गौरीकुंड, यात्रा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

रूद्रप्रयाग : केदारनाथ यात्रा तैयारियों को लेकर पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने गौरीकुंड जाकर पुलिस की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस कप्तान ने निर्देश दिए कि यात्रा के लिए पुलिस पूरी ऊर्जा के साथ तैयार रहे। यात्रा के दौरान गौरीकुंड में यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बेरीकेडिंग लगाई जाए। जबकि तीर्थयात्रियों को कतारवद्ध तरीके से ही आगे भेजने की कार्रवाई की जाए।

पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग से लेकर गौरीकुंड तक 76 किमी. पर पुलिस की सभी व्यवस्थाएं देखी। विशेष रूप से सोनप्रयाग और गौरीकुंड का व्यापक निरीक्षण किया। इससे पहले एसपी जनवरी प्रथम सप्ताह में भी गौरीकुंड का निरीक्षण कर चुकी थी। पुलिस कप्तान ने सभी अधीनस्थ पुलिस प्रभारियों से यात्रा को लेकर पूर्व में दिए गए निर्देशों को लेकर जानकारी ली। गौरीकुंड पुलिस चौकी परिसर व बैरकों के सौंदर्यीकरण के कार्य का निरीक्षण कर शेष रह गए कार्य को कुछ दिन में पूरा करने के निर्देश दिए। हालांकि सौन्दर्यीकरण कार्य में मौसम भी बाधक बन रहा है। गौरीकुंड चौकी का सौंदर्यीकरण होने से यहां पर यात्राकाल में नियुक्त होने वाला पुलिस बल को और अधिक ऊर्जा के साथ अपने कर्तव्य के निर्वहन करने के निर्देश दिए। एसपी ने चौकी गौरीकुण्ड के प्रभारी को निर्देश दिए कि वह आवश्यक सामग्री पुलिस लाइन से प्राप्त कर लें। इस दौरान उन्होंने चौकी गौरीकुंड पुलिस के स्तर से चलाई जा रही सत्यापन की भी जानकारी ली। इसके बाद लोनिवि के अफसरों व पुलिस अधिकारियों के साथ घोड़ा पड़ाव तक निरीक्षण किया। संबंधित विभागों द्वारा विभागीय स्तर से निरंतर यात्रा तैयारियां की जा रही है। इस मौके पर लोनिवि के ईई प्रवीण कर्णवाल, पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी विमल रावत, पुलिस उपाधीक्षक यातायात हर्षवर्द्धनी सुमन, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सोनप्रयाग सुरेश चन्द्र बलूनी, निरीक्षक यातायात श्याम लाल, चौकी प्रभारी गौरीकुंड कुलेन्द्र सिंह रावत आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## संस्कृत शिक्षा की बोर्ड परीक्षा 8 अप्रैल से

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : उत्तराखण्ड संस्कृत शिक्षा परिषद, हरिद्वार द्वारा आयोजित पूर्वमध्यमा द्वितीय वर्ष (हाईस्कूल) एवं उत्तर माध्यमा द्वितीय वर्ष (इंटरमीडिएट) परिषदीय परीक्षाऐं 8 से 21 अप्रैल, 2023 तक श्री 108 स्वामी सच्चिदानंद वेद भवन संस्कृत महाविद्यालय रुद्रप्रयाग में पूर्वमध्यमा द्वितीय वर्ष (हाईस्कूल) एवं उत्तर माध्यमा द्वितीय वर्ष (इंटरमीडिएट) परिषदीय परीक्षाओं का सफल संचालन कराने हेतु परीक्षा केंद्र में धारा-144 प्रभावी रहेगी। उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग द्वारा उक्त बावत आदेश जारी किया गया है।

उप जिलाधिकारी सदर अपर्णा ढौंडियाल ने बताया कि परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षा केंद्र से 100 गज की परिधि में 5 या उससे अधिक व्यक्तियों को एक साथ एकत्रित होने पर निषिद्ध किया जाता है। परीक्षार्थी एवं परीक्षा संचालक इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान बिना अनुमति आग्नेयास्त्र, लाठी, डंडा, चाकू, हॉकी, पटाखे, बम व ज्वलनशील पदार्थ प्रतिबंधित रहेंगे। परीक्षा केंद्रों के आसपास मार्गों पर न कोई व्यक्ति अवरोध उत्पन्न करेगा और न ही ऐसा करने का प्रयास करेगा।

## भाजपा सत्ता के नशे में चूर

टिहरी : कांग्रेस सांसद राहुल की सदस्यता समाप्त किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी के नेतृत्व में मधु–कैटव मर्दनी मंदिर खैट पर्वत पर सात अप्रैल को हवन व पूजा–अर्चना करेंगे।

# भिलंगना नदी पर बने पुल की दयनीय स्थिति में



टिहरी : चारधाम यात्रा को जोड़ने वाला उत्तरकाशी-कोटालगांव-चमियाला-घनसाली सड़क मार्ग पर घनसाली बाजार के समीप भिलंगना नदी पर बने स्टील गार्डर पुल की जर्जर स्थिति होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। लोनिवि घनसाली ने पुल की कमजोर स्थिति को देखते हुये चेतावनी बोर्ड भी लगा रखा है।

घनसाली विधानसभा में दस पट्टियों को जोड़ने वाले भिलगंना नदी पर बने मोटर पुल का निर्माण 70 के दशक में हुआ था। करीब 50 साल की उम्र पूरी कर चुके इस मोटर पुल स्थिति जर्जर हो चुकी है। दिन भर पुल से सैकड़ों की संख्या में भारी और हल्के वाहन गुजरते हैं, वाहनों के गुजरने के दौरान पुल हिलने लगता है। चारधाम यात्रा शुरू होने में करीब एक माह से भी कम का समय बचा है, यात्रा सीजन के दौरान उक्त पुल के ऊपर से हजारों वाहन गुजरते हैं, जिससे पुल पर भारी दबाव पड़ता है, जिसको देखते हुये अनहोनी की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। पुल की कमजोर स्थिति के चलते लोनिवि घनसाली की ओर से एक समय में पुल के ऊपर से एक ही वाहन की आवाजाही तथा 16 टन से अधिक भार क्षमता वाले वाहनों की आवाजाही को प्रतिबधिंत से संबधिंत चेतावनी बोर्ड भी लगाया है, लेकिन निगरानी के अभाव में वाहन चालक निर्देशों का पालन नहीं करते हैं। पुल की हालत दिनों दिन खराब होती जा रही है। (एजेंसी)

# जिलाध्यक्ष आशा का किया ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत

टिहरी : जनपद टिहरी गढ़वाल की महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत, प्रदेश उपाध्यक्ष विजय लक्ष्मी थलवाल सहित अन्य नव नियुक्त महिला पदाधिकारियों का नई टिहरी पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। महिला कांग्रेस की नव नियुक्त पदाधिकारियों ने विपरीत परिस्थितियों के दौर में तन्मयता से काम करने की बात कही। कहा कि किसी भी हाल में न टूटेंगे, न झुकेंगे।प्रदेश के महिला कांग्रेस में प्रताप नगर की पूर्व ब्लाक प्रमुख विजयलक्ष्मी थलवाल व बसंती भारती को प्रदेश उपाध्यक्ष और निवर्तमान महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष दर्शनी रावत, नई टिहरी नगर पालिका की अध्यक्ष सीमा कृषाली, घनसाली से मुन्नी देवी व थौलधार से सुमेरी बिष्ट को प्रदेश महामंत्री, सरिता देवी व मंजू राणा को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी दी है। नवनियुक्त महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत ने कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगी। कांग्रेस पार्टी में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ने का काम करेंगी। उन्होंने कहा केंद्र सरकार महिला विरोधी है। महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न व घरेलू हिंसा के खिलाफ महिलाएं सड़कों पर आकर आंदोलन करेंगी। महिला कांग्रेस की नई टीम बनने पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष राकेश राणा, विक्रम सिंह पंवार, नीमा, रीता, चंबा पालिकाध्यक्ष सुमना रमोला, ममता उनियाल, विजय गुनसोला, नरेंद्र राणा, शांति प्रसाद भट्ट, सैयद मुशर्रफ अली, याकूब सिद्दीकी, नरेंद्र चंद रमोला, सोबन सिंह नेगी, सूरज राणा, साहब सिंह सजवान, देवेंद्र नौडीयाल, कुलदीप पंवार, आनंद सिंह बेलवाल, सोहन सिंह रावत, जयवीर सिंह रावत, गीताराम गैरोला, महावीर प्रसाद उनियाल, ज्योति प्रसाद भट्ट, मुरारी लाल खंडवाल, मान सिंह रौतेला, अनिता रावत आदि ने शुभकामनायें दी हैं। (एजेंसी)

## तीर्थ स्थानों में पंचगव्य आचमन अनिवार्य करने की मांग

देहरादून। भैरव सेना ने सभी तीर्थ स्थानों में पंचगव्य आचमन अनिवार्य किए जाने को लेकर सीएम को ज्ञापन प्रेषित किया है। संगठन ने डीएम कार्यालय में प्रदर्शन के बाद सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से अपना ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष गौतम बाली के नेतृत्व में भैरव सेना कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुये कचहरी स्थित डीएम कार्यालय पहुंचे व सभी तीर्थ क्षेत्रों में पंचगव्य आचमन अनिवार्य करने को लेकर ज्ञापन दिया।

भैरव सेना केंद्रीय अध्यक्ष संदीप खत्री ने कहा की अपने तीर्थ क्षेत्रों का शुद्धिकरण व अवैध धार्मिक घुसपैठ से बचाने के लिए संगठन इस मांग को लेकर जनचेतना अभियान चला रहा है। शासन तक बात पहुंचाने के लिए सात दिनी पंचगव्य शुद्धिकरण अभियान यात्रा शुरू किया जा रहा है। संगठन का कहना है कि जैसे अन्य धर्मों के धर्म स्थलों में प्रवेश के लिए नियम हैं उसी तरह हिन्दू तीर्थ स्थानों में भी किया जाना चाहिए।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आइडिन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

**निविदा विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा से आमन्त्रित **निविदा सं0 13/22–23 एवं निविदा सं0 15/22–23** के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 18.04.2023 को 13.00 बजे तक बढ़ायी जाती है जो दि0 19.04.2023 के 13.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी तथा उसी दिन 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्ते पूर्ववत है।

पत्रांक : 250/विविखनै/टी–6 दिनांक : 05.04.2023 — अधिशासी अभियन्ता, वि0वि0 खण्ड, नैनीडांडा

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)



**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**ई–निविदा विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार से आमंत्रित ई–निविदा सं. 09/EDDK/22–23 एवं 11/EDDK/22–23 के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 18.04.2023 को 16.00 बजे तक बढायी जाती है तथा ई–निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की तिथि 19.04.2023 को 11.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी एवं ई–निविदा प्रपत्र ऑनलाईन और ऑफलाईन निविदा प्रथम भाग खुलने की तिथि 19.04.2023 एवं समय 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्तें पूर्ववत है।

पत्रांक: 985/विविखको/टी–6 दिनांक: 05.04.2023 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ फैक्स संख्या–0135–2760911 पर दें।)



**उत्तर रेलवे**
G20 — आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/ III/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या दिनांक | 04-DRM-MB-23-24 Date 05.04.2023 |
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता उ० रे० बरेली के अधीन आरपीएफ/पोस्ट बरेली में नई 10 बिस्तरों की महिला बैरक के विकास का कार्य |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 27.04.2023 16:00 |
| अनुमानित लागत | 44,83,098.48 |
| धरोहर राशि | 89,700.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 13.04.2023 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |

टेन्डर न. 74-W/2/3/W/Publication दिनांक 05.04.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1031/23



**उत्तर रेलवे**
G20 — आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीपीएम/जीएसयू/मुरादाबाद द्वारा ई–टेंडर जिनके बन्द होने की तिथि 27.04.2023 है। निम्न टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किए जाते हैं जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किए जायेंगे। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या/दिनांक | 02-GSU-MB-23-24 Date: 05.04.2023 |
| कार्य का नाम | Upgradation of Bulandshahar Station of Moradabad Division under Amrit Bharat Scheme for Platform work, Improvement of circulating area, entrance porch, toilet, waiting area & interior design etc. |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक/समय | 27.04.2023 at 16:00 hrs. |
| अनुमानित लागत | ₹5,91,91,980.98 |
| धरोहर राशि | ₹4,46,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 13.04.2023 |

No.: Dy. CE/GSU/MB/Publication-02/23-24 दिनांक: 05.04.2023 1024/2023

SERVING CUSTOMERS WITH A SMILE



**उत्तर रेलवे**
G20 — आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीपीएम/जीएसयू/ मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि 28.04.2023 है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 03-GSU-MB-23-24 05.04.2023 |
| कार्य का नाम | Upgradation of Garhmukteshwar station of Moradabad Division under Amrit Bharat scheme for Platform work, Improvement of circulating area entrance porch toilet, waiting area & interior design etc. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 28/04/2023, 16:00 |
| अनुमानित लागत | 57342309.49 |
| धरोहर राशि | 436700.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 14/04/2023 |

नं.: Dy.CE/GSU/MB/Publication-02/23-24 दिनांक: 05.04.2023 1035/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**विज्ञप्ति**

**भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल (पौड़ी गढ़वाल)**

पत्रांक : /कैन्टीन/20203-24 दिनांक: 05.04.2023
Website: www.gpgcjaiharikhal.ac.in e-mail: principal_lansdowne@rediffmail.com

**कैन्टीन संचालन हेतु निविदा आमंत्रण**

सत्र 2023-24 हेतु कैन्टीन संचालन के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदा दाता अपने आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत कर कार्यालय से निविदा प्रपत्र शुल्क रूपये 100=00 (रूपये एक सौ मात्र) में दिनांक 17.04.2023 तक प्रत्येक कार्य दिवस में 10:30 बजे से 04:00 बजे तक प्राप्त कर सकते है। कैन्टीन संचालित किये जाने से सम्बन्धित समस्त सूचना, निविदा आवेदन प्रपत्र के साथ प्राप्त की जा सकती है। उक्त हेतु स्थानीय अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी।

प्राचार्य
भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जयहरीखाल (पौड़ी गढ़वाल)



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी**

Mail ID:- eepwdcdpauri@gmail.com, eecdpau.pwduk@gov.in, Fax & Phone No. (01368-222284)

पत्रांक 555/6 ए0सी0 दिनांक- 05/04/2023

**कोटेशन नोटिस**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी द्वारा निम्नलिखित कार्यों की शील्ड कोटेशन दिनांक 26.04.2023 को आमंत्रित की जाती है कोटेशन प्रपत्र दिनांक 20.04.2023 से 25.04.2023 किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 26.04.2023 अपरान्ह 03:00 बजे अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी कार्यालय के कोटेशन बॉक्स में डाली जायेगी।

| क्र0सं0 | वाहन का प्रकार | वाहन का मेक | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1 | बोलेरो स्टैण्डर मॉडल (7 सीटर) | वर्ष 2021 के बाद का | सहायक अभियन्ता कार्यालय हेतु |

कोटेशन दिर्नाक 26.04.2023 को अपरान्ह 4:00 बजे उपस्थित कोटेशनदाताओं के समक्ष खोली जायेगी अन्य शर्ते कोटेशन प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी कोटेशन को स्वीकृति को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा। वाहन सक्षम किसी भी स्वीकृति मिलने के पश्चात ही निम्नलिखित शर्तों के अनुसार कियायें पर रखी जायेगी।

1. निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पौड़ी का कार्यालय क्षेत्र पौड़ी जनपद के चार ब्लॉक पोखड़ा, पाबौ (खातस्यू पट्टी) पौड़ी एवं कोट है इस हेतु जिले के किसी भी स्थान पर कच्ची/पक्की सड़कों पर ले जानी पड़ेगी, तथा रात्रि विश्राम भी इन क्षेत्रों पर करना पड़ेगा, शासकीय कार्यों हेतु बोलेरो देहरादून तथा बाहर भी ले जानी पड़ेगी, तथा वहां रात्रि विश्राम करना पड़ेगा इस हेतु ड्राइवर/बोलेरो को किसी भी प्रकार का अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जायेगा तथा ड्राइवर को अपना आवास/भोजन की व्यवस्था स्वयं करनी पड़ेगी।
2. न्यूनतम कोटेशन के लिए डीजल की खपत प्रति माह औसत 30 दिन 3000.00 किमी. के आधार पर निकाली जायेगी।
3. वाहन किसी भी दिवस में कितने भी घण्टे सरकारी कार्य हेतु चलायी जायेगी इस हेतु कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जायेगा।
4. इस खण्ड के अधिकारी/कर्मचारी द्वारा सूचित करने पर बोलेरों तुरन्त उपलब्ध करानी होगी।
5. वाहन हेतु विभाग द्वारा डीजल निर्गत किया जायेगा औसत (ऐवरेज) के आधार पर उस समय के डीजल के दरों के आधार पर खपत का सारांश निकाला जायेगा।
6. वाहन का अनुरक्षण विभागीय मानकों के अनुरूप होना चाहिए तथा अनुरक्षण व्यय वाहन स्वामी द्वारा स्वयं वहन करना होगा।
7. सर्विस आदि हेतु वाहन के उपलब्ध नहीं होगा।
8. वाहन चालक के पास जीप चलाने का लाइसेन्स अपडेट होना चाहिए, पहाड़ की सड़कों पर न्यूनतम तीन साल का वाहन चलाने का अनुभव होना चाहिए।
9. विभागीय अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों का पूर्ण पालन करना होगा।
10. वाहन के समस्त कागजात तथा लाइसेन्स, वाहन प्रदूषण सर्टिफिकेट, इन्स्यूरेन्स आदि अप टू डेट होना चाहिये, सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा निर्धारित समस्त अभिलेख हमेशा वाहन में होने चाहिए।
11. डीजल चालित बोलेरो (7 सीटर) मॉडल 2021 या उसके बाद का वर्ष का अनिवार्य होगा।
12. बोलेरो वाहन को पौड़ी लो0नि0वि0 कार्यालय पौड़ी में रखा जायेगा तथा चालक को खण्डीय कार्यालय के 5.00 किमी. की परिधि में रहना अनिवार्य होगा।
13. कोटेशन के साथ वाहन के रजिस्ट्रेशन, इन्शोरेन्स व अन्य आवश्यक कागजात एवं ड्राइवर लाइसेन्स की प्रति भी संलग्न किया जाना आवश्यक है।

कोटेशन डालने से पूर्व उपरोक्त क्रमांक 1-13 तक सभी शर्तों को भली-भांति अवलोकन कर लिया जाये एवं समस्त शर्तों के अनुपालन हेतु सहमति के शर्त पर कोटेशन दरें निम्नानुसार भरें।

(अ) किराया प्रतिदिन ............................(ब) डीजल की खपत......................किमी./प्रति लीटर
(स) मॉडल....................गाड़ी नम्बर...............................
(द) कोटेशनदाता का नाम व पूरा पता

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी ।

सम्पादकीय

## पाठ्यक्रम से मुगलों की विदाई

नई शिक्षा नीति का असर अब धीरे-धीरे नजर आने लगा है जिसके तहत एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में किए गए बदलाव के बाद विवाद की भी स्थिति बन गई है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई में लगने वाली 10वीं 11वीं और 12वीं में इतिहास को बदला गया है। नई पुस्तकों में अब छात्र मुगल साम्राज्य दिल्ली दरबार बादशाहनामा राजनीतिक दलों के उदय वह अकबरनामा मुगल शासकों और उनके साम्राज्य, पांडुलिपियों की रचना, रंग चित्रण, आदर्श राज्य, राजधानियां और दरबार, उपाधियां और उपहारों, शाही परिवार, शाही नौकरशाही, मुगल अभिजात वर्ग, साम्राज्य और सीमाओं सहित कई पाठ्यक्रम नहीं पढ़ेंगे। स्वाभाविक तौर पर नए पाठ्यक्रम के साथ ही विरोध भी शुरू हो गया है, जिसमें मुख्य तौर पर कांग्रेस, सीपीएम, शिवसेना समेत (उद्धव गुट) के कई पार्टियों ने इस कदम का विरोध जताया है। इस बात के संकेत पहले ही मिलने लगे थे कि इतिहास जो अब तक हमारे देश में पढ़ाया जा रहा था वह काफी उबाऊ और भारतीय महापुरुषों वीर योद्धाओं को कमतर प्रदर्शित करने वाला था। पाठ्यक्रम में बदलाव की मांग काफी समय से की जा रही थी और नए शिक्षा सत्र में केंद्र सरकार ने इतिहास पाठ्यक्रम में व्यापक बदलाव कर मुहिम छेड़ दी है। शैक्षिक सत्र 2023-24 से इंटरमीडिएट में चलने वाली 'आरोह भाग दो' में भी बदलाव किया गया है। मुख्य तौर पर बजने पाठ्यक्रम में मुगलों के इतिहास को हटाया गया है जबकि सेंट्रल इस्लामिक लैंड्स, संस्कृतियों का टकराव और औद्योगिक क्रांति से संबंधित पाठों को भी कक्षा 11वीं की पाठ्यपुस्तक थीम्स इन वर्ल्ड हिस्ट्री से हटा दिया गया है। पाठ्यक्रम में बदलाव के साथ ही कुछ राजनीतिक दलों ने इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जाहिर है अब तक इतिहास के पुराने पाठ्यक्रम में कांग्रेस, सोशलिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय जनसंघ और स्वतंत्र पार्टी के प्रभुत्व के बारे में छात्र पढ़ रहे थे जो अब पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं होंगे। गुजरात दंगों के संदर्भ की बातें भी अब नहीं पढ़ाई जाएंगी जबकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रसिद्ध 'राज धर्म' टिप्पणी को भी हटा दिया गया है। वहीं हिंदू चरमपंथियों की गांधी के प्रति नफरत,महात्मा गांधी की हत्या के बाद आरएसएस पर लगे प्रतिबंध जैसी बातें एनसीईआरटी कक्षा 12 की किताब में नहीं होंगी। साफ है कि शिक्षा मंत्रालय नई शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम में बड़े बदलाव का फैसला ले चुका है और इसकी शुरुआत इतिहास के पन्नों को बदलने के तौर पर हो चुकी है। समय की यह जरूरत भी थी कि आने वाली पीढ़ी को मुगलों के शासन की जानकारी के साथ भारतीय योद्धाओं और महापुरुषों के चरित्र के संबंध में भी व्यापक जानकारियां प्रकाशित की जानी चाहिए। मुगल शासकों को नायक की तरह पेश करने का जो क्रम अब तक चला आ रहा था उस पर रोक लगाने की कोशिश की गई है और यह एक सार्थक पहल भी कही जा सकती है। यह पहल तभी सफल मानी जाएगी जब पाठ्यक्रम में भारतीय योद्धाओं और शूरवीर का इतिहास शामिल किया जाएगा।

## भूटान आखिर क्यों छिटका?



भूटान के रुख में बदलाव के संकेत तो काफी समय से मिल रहे थे, लेकिन ताजा घटनाक्रम में वहां के प्रधानमंत्री लोटे त्शेरिंग ने कम से कम तीन ऐसी बातें कही हैं, जो भारत को पसंद नहीं आ सकतीं।

क्या भूटान भी भारत से दूरी बना कर चीन के पाले में जा रहा है? यह सवाल वैसे अब जाकर चर्चित हुआ है, लेकिन ऐसे संकेत काफी समय से मिल रहे थे। ताजा घटनाक्रम में भूटान के प्रधानमंत्री लोटे त्शेरिंग ने बेल्जियम के अख़बार ला लेब्रे को दिए इंटरव्यू में कम से कम तीन ऐसी बातें कहीं, जो भारत को पसंद नहीं आ सकतीं। पहली बात तो यह कि उन्होंने भूटान के अंदर चीन की घुसपैठ की बात को सिरे से नकार दिया। जबकि

2020 में ऐसी कई खबरे आई थीं, जिनमें बताया गया था कि भूटान के बॉर्डर के भीतर चीन गांव बना रहा है। जबकि अब ला लेब्रे को दिए इंटरव्यू में लोटे त्शेरिंग ने कहा है कि चीन ने जो गांव बनाए हैं, वे भूटान के भीतर नहीं हैं। दूसरी बात उन्होंने कही कि चीन और भूटान के बीच का सीमा विवाद हल करने की दिशा में प्रगति हुई है और संभव है कि अगली दो या तीन वार्ताओं में इसका समाधान निकल आए। तीसरी बात यह कि उस क्षेत्र में जहां भारत, भूटान और चीन की सीमाएं मिलती हैं, वहां मौजूद विवाद के बारे में उन्होंने कहा कि तीनों देश समानता के स्तर पर बातचीत करके इसका हल निकालेंगे।

यानी एक तो उन्होंने इस विवाद में चीन को बराबर का हित-धारक बताया और दूसरे उन्होंने इस धारणा को तोडने की कोशिश की कि भूटान की विदेश

2020 में ऐसी कई खबरे आई थीं, जिनमें बताया गया था कि भूटान के बॉर्डर के भीतर चीन गांव बना रहा है। जबकि अब ला लेब्रे को दिए इंटरव्यू में लोटे त्शेरिंग ने कहा है कि चीन ने जो गांव बनाए हैं, वे भूटान के भीतर नहीं हैं। दूसरी बात उन्होंने कही कि चीन और भूटान के बीच का सीमा विवाद हल करने की दिशा में प्रगति हुई है और संभव है कि अगली दो या तीन वार्ताओं में इसका समाधान निकल आए। तीसरी बात यह कि उस क्षेत्र में जहां भारत, भूटान और चीन की सीमाएं मिलती हैं, वहां मौजूद विवाद के बारे में उन्होंने कहा कि तीनों देश समानता के स्तर पर बातचीत करके इसका हल निकालेंगे। यानी एक तो उन्होंने इस विवाद

और रक्षा नीति तय करने में भारत की भूमिका होती है। यह धारणा बनने का लंबा इतिहास है। लेकिन अब ऐसा लगता है कि भूटान भारत के बरक्स अपनी संप्रभुता को जताने के लिए तैयार हो रहा है। गौरतलब है कि भूटान में चीन की घुसपैठ की बात को नकार कर भूटानी प्रधानमंत्री ने उस सारे नैरेटिव पर सवाल खड़ा कर दिया है, जिसको लेकर डोकलाम विवाद हुआ था। तो आखिर भूटान के रुख में यह बदलाव क्यों आया? क्या इसे भारतीय कूटनीति की विफलता के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए? भारत के लिए यह बात गहरे आत्म-निरीक्षण का है कि आखिर पास-पड़ोस के देश क्यों ऐसे रुख तय कर रहे हैं, जो भारतीय सुरक्षा हितों के खिलाफ जाते हों?

# ट्रंप पर मुकदमा, उनकी पौ बारह?

श्रुति व्यास

डोनाल्ड ट्रंप वे पहले पूर्व राष्ट्रपति बने है, जिन पर आपराधिक केस दायर हुआ। उन्हे अमेरिका के ऐसे पहले राष्ट्रपति होने का तमगा भी हासिल है जिस पर दो बार महाअभियोग चल चुका है। इसके अलावा, वे अमेरिका के पहले ऐसे राष्ट्रपति हैं जिसने जनता को अमेरिका की सरकार के खिलाफ विद्रोह करने के लिए उकसाया। और वे ऐसे पहले राष्ट्रपति बनेंगे जो एक गंभीर अपराध करने के बाद भी बच निकलेगा और शायद देश का 47वां राष्ट्रपति बने। मगर जिस मामले, जिस मुकदमें को लेकर अमेरिका अभी उब्लता हुआ है वह उतना ही बेहूदा और भद्दा है जितना कि राष्ट्रपति के रूप में उनका कार्यकाल था।

जैसा कि मैंने पिछले हफ्ते लिखा था, ट्रंप इस सबका मजा ले रहे हैं। उनकी खुशी का एक कारण यह है कि उन पर आरोप लगने के बाद हुए जन सर्वेक्षणमें पाया गया है कि वे अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वियों, जिनमें उनके संभावित सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी फ्लोरिडा के गवर्नर रोन डेसांटिस शामिल हैं, से और आगे निकल गए हैं। वे सुर्खियों में है। हुडदंगी समर्थकों में उनकी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। रिपब्लिकन नेता ट्रंप के बचाव में आगे आ रहे हैं। वे ट्विटर पर डिस्ट्रिक्ट एटार्नी एल्विन ब्रेग की लानत-मलामत कर रहे हैं और ट्रंप के खिलाफ कार्यवाही को राजनीति से प्रेरित ठहरा रहे हैं।

अमेरिका में जो कुछ हो रहा है उसे देखकर भारत की याद आना स्वाभाविक है, जहाँ



ट्रंप के एक वकील जो टेकोपिना ने एनबीसी टुडे शो में बताया कि उनका मुवक्किल, प्ली बार्गेन (कम गंभीर अपराध कारित करने की स्वीकारोक्ति) पर विचार नहीं करेगा।''कोई अपराध हुआ ही नहीं है," टेकोपिना ने कहा।जनता की निगाहों में ट्रंप अन्याय का शिकार बेचारा बन चुके हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह मामला बहुत कमजोर है। अगर किसी मामले में उन पर मुकदमा चलता चाहिए था तो वह है 6 जनवरी की संसद भवन हिंसा थी। परंतु वह मामला ठंडे बस्ते में है। डोनाल्ड ट्रंप का राजनैतिक ग्राफ ऊपर चढ़ रहा है। उनकी राजनैतिक महत्वाकांक्षाओं को नए पंख लग गए हैं और दुनिया इस दृश्य को देखकर मगन होकर देख रही है। कल जब ट्रंप अदालत में पेश होंगे तो न तो उन्हें हथकड़ी लगाई जाएगी और ना इस तरह ले जाया जाएगा कि मीडिया उसे कवर कर सके। अभी इस बात पर विचार चल रहा है कि उन पर अभियोग लगाए जाते समय की फोटो जारी की जाए या नहीं। ट्रंप तो चाहते हैं कि यह फोटो सार्वजनिक हो क्योंकि उससे उनकी छवि चमकेगी और उनके चुनाव फंड में और धन आएगा। अगर वे दोषी पाए जाते हैं तब भी वे राष्ट्रपति का चुनाव लड़ सकते हैं और अगर वे निदोष पाए गए तो वे यह सुनिश्चित करेंगे कि देश में भारी हिंसा और गड़बडियां हों। उनके पास पहले से ही ऐसे आरोपों की लंबी फेहरिस्त है जिनसे वे मुक्त हो चुके हैं। इसमें एक और मामला जुड़ जायेगा।

राजनैति दुश्मनी, बदलेकी आपराधिक कार्यवाही बहुत आम है और जहां सत्ता के सारे सूत्र अपने हाथों में होते हुए भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता से शिकायत करते है कि "कुछ लोगों ने देश के अंदर और बाहर मेरी छवि खराब करने के लिए सुपारी दी है।"

कुछ इसी तर्ज पर ट्रंप ने एक वीडियो मैसेज में कहा, ''अब हम आधिकारिक रूप से तीसरी दुनिया का देश बन गए हैं। हमारे देश के इतिहास में अब तक किसी राष्ट्रपति पर इतना तीखा और घिनौना हमला नहीं हुआ है। वे मुझे खरीद नहीं सकते, वे मुझे नियंत्रित नहीं कर सकते और यह बात उन्हें बुरी तरह डरा रही है।"

इसी प्रचार को आगे ले जाते हुए सीएनएन से अपने इंटरव्यू में पूर्व उपराष्ट्रपति माईक पेंस ने कहा कि ट्रंप पर आरोप लगाने से देश बंट जाएगा। क्रिशियन साईस मानीटर में छपी एक रिपोर्ट के अनुसार "सवाना, जार्जिया के बंदरगाहों के कर्मियों से लेकर टेक्सास के विद्वानों और रणनीतिकारों तक, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर आरोप लगाए जाने की खबर एक बुरी तरह बंटे हुए देश में पसर रही है।"

अमेरिकामें मूड बदल रहा है। कई अमेरिकियों के लिए यह आशा जगाने वाली खबर है तो कई के लिए ईशनिंदा जैसा घोर गंभीर अपराध। लगता है अमरीकी समाज विवेकपूर्ण ढंग से विचार नहीं कर रहा है। आरोप लगाए जाने के 24 घंटे के भीतर ट्रंप के चुनाव प्रचार फंड में 40 लाख डालर आ गए और 16 हजार व्यक्तियों ने चुनाव में उनका वालंटियर बनने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया।

आरोप ठीक-ठीक क्या हैं यह अभी पता नहीं है। डिस्ट्रिक्ट एटार्नी एल्विन ब्रेग ने अभियोग संबंधी दस्तावेजों को सीलबंद लिफाफे में पेश किया है।ट्रंप की लीगल टीम के कुछ सदस्य मानते हैं कि ट्रंप पर व्यापारिक लेखों में झूठी जानकारी दर्ज कर गंभीर अपराध करने का आरोप लगाया जाएगा।

ट्रंप के एक वकील जो टेकोपिना ने एनबीसी टुडे शो में बताया कि उनका मुवक्किल, प्ली बार्गेन (कम गंभीर अपराध कारित करने की स्वीकारोक्ति) पर विचार नहीं करेगा।''कोई अपराध हुआ ही नहीं है," टेकोपिना ने कहा।

जनता की निगाहों में ट्रंप अन्याय का शिकार बेचारा बन चुके हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह मामला बहुत कमजोर है। अगर किसी मामले में उन पर मुकदमा चलता चाहिए था तो वह है 6 जनवरी की संसद भवन हिंसा थी। परंतु वह मामला ठंडे बस्ते में है।

डोनाल्ड ट्रंप का राजनैतिक ग्राफ ऊपर चढ़ रहा है। उनकी राजनैतिक महत्वाकांक्षाओं को नए पंख लग गए हैं और दुनिया इस दृश्य को देखकर मगन होकर देख रही है। कल जब ट्रंप अदालत में पेश होंगे तो न तो उन्हें हथकड़ी लगाई जाएगी और ना इस तरह ले जाया जाएगा कि मीडिया उसे कवर कर सके। अभी इस बात पर विचार चल रहा है कि उन पर अभियोग लगाए जाते समय की फोटो जारी की जाए या नहीं। ट्रंप तो चाहते हैं कि यह फोटो सार्वजनिक हो क्योंकि उससे उनकी छवि चमकेगी और उनके चुनाव फंड में और धन आएगा। अगर वे दोषी पाए जाते हैं तब भी वे राष्ट्रपति का चुनाव लड़ सकते हैं और अगर वे निदोष पाए गए तो वे यह सुनिश्चित करेंगे कि देश में भारी हिंसा और गड़बडियां हों। उनके पास पहले से ही ऐसे आरोपों की लंबी फेहरिस्त है जिनसे वे मुक्त हो चुके हैं। इसमें एक और मामला जुड़ जायेगा।

वे देश के 47वें राष्ट्रपति बन सकेंगे या नहीं यह अभी कहना मुश्किल है परंतु यह पक्का है कि इससे रिपब्लिकन प्रायमरी में उनकी जीत की राह बन जाएगी। अन्य उम्मीदवारों के लिए एक ऐसे व्यक्ति से मुकाबला करना कठिन होगा जिसके बारे में वे खुद ही कह रहे हैं कि वह राजनैतिक बदले का शिकार है।

कल के घटनाक्रम पर दुनिया की निगाहें होगी। अदालत में क्या होगा उससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि अदालत के बाहर क्या होगा। जो लोग यह उम्मीद कर रहे हैं कि ट्रंप को उनके किए की सजा मिलेगी उन्हें निराशा ही हाथ लगने वाली है। निश्चित रूप से ट्रंप को अभियोजित किया जाना चाहिए। परंतु इस तरह के हास्यास्पद मामले में नहीं जिसमें कानून बहुत साफ है। यह स्पष्ट है कि अमेरिका की कानूनी मशीनरी और वहां की राजनीति ट्रंप कथा का अंत चाहती है परंतु जल्दबाजी में वे ऐसी गलतियाँ कर रहे हैं जिनसे ट्रंप की स्थिति और मजबूत हो रही है। कहीं ऐसा न हो कि सांप भी न मरे और लाठी भी टूट जाए।

# यौन शौषण पर राजनीति

अजय दीक्षित

केन्द्र सरकार, भाजपा बनाम राहुल गांधी की ऐसी सियासत देशहित में नहीं है । इससे हंगामा, उत्तेजना, अराजकता का माहौल तो बन सकता है, लेकिन देश और उसके नागरिकों को कुछ हासिल नहीं होगा । बलात्कार और यौन शोषण जघन्य अपराध है । यदि उनकी आड़ में भी एक-दूसरे को अपमानित करने की मंशा महसूस हो, तो इन अपराधों के सन्दर्भ में न्याय कब होगा ? राजधानी दिल्ली में ही यौन शोषण के औसतन 40 मामले हररोज सामने आते हैं । खौफनाक और बर्बर मामले भी राजधानी के हिस्से दर्ज होते रहे हैं। न्याय के सवाल पुलिस और अदालत दोनों पर हैं, क्योंकि यौन शोषण, उत्पीडन के अधिकतर मामलों में पुलिस का सक्रिय सरोकार बहुत कम देखा गया है। हमारा फोकस फिलहाल दिल्ली पुलिस पर है, क्योंकि उसी के विशेष आयुक्त, जिला उपायुक्त स्तर के अधिकारी पूरे पुलिस बल के साथ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के आवास पर गए थे। करीब अढाई घंटे तक पूछताछ की गई। कांग्रेस नेता न तो आरोपित हैं और न ही उनके खिलाफ कोई प्राथमिकी दर्ज है। उनकी भूमिका महज इतनी है कि बीती 30 जनवरी को श्रीनगर में 'भारत जोड़ो यात्रा' के समापन पर उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि कुछ महिलाओं ने उनसे मिल कर अपनी पीड़ा, अपने दर्द साझा किए थे कि महिलाओं के साथ बलात्कार किए गए। उनके यौन उत्पीडन किए गए और छेड़छाड़ तो आम बात है। बेशक यह मुद्दा बेहद संवेदनशील है। राहुल गांधी ने यौन शोषण की पीड़िताओं से पूछा था कि क्या यह पुलिस को बताएं? पीड़िताओं ने ऐसे मामलों को सार्वजनिक करने से इंकार कर दिया, क्योंकि उनकी परेशानियां बढ़ सकती थीं । संवैधानिक



दायित्व कुछ और ही हैं। राहुल गांधी वरिष्ठ लोकसभा सांसद हैं, लिहाजा सीआरपीसी के तहत यह उनका दायित्व था कि बलात्कार सरीखे अपराध के खुलासे पुलिस को करें। हमारे कानून और नैतिकता के मुताबिक, यौन शोषण की पीड़िता और उसके परिवार की पहचान को गोपनीय रखा जाता है। नाम तक सार्वजनिक नहीं किया जाता। पीड़िता का एक प्रतीक- "नाम तय कर लिया जाता है। मीडिया में भी वही नाम छापा जा सकता है। बेशक राहुल गांधी के संबोधन के 45 दिन बाद दिल्ली पुलिस ने उन्हें नोटिस दिया और आनन-फानन में उनके आवास पर भी धमक गई, लेकिन इसी दलील पर यह मुद्दा छोड़ा नहीं जा सकता । दरअसल यहीं से सियासत की शुरुआत होती है । राजस्थान के कांग्रेसी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यहां तक बयान दे दिया कि 'ऊपर' के आदेश के बिना पुलिस इस तरह आ ही नहीं सकती । कांग्रेस ने इस पुलिसिया कार्रवाई को भी अडानी समूह वाले मुद्दे से जोड़ दिया । कई बार सिर पीटने को मन करने लगता है कि हर सवाल, हर आरोप या हर कार्रवाई का जवाब अडानी कैसे हो सकता है? कांग्रेस प्रवक्ता एकदम प्रलाप की मुद्रा में आ गये कि राहुल गांधी। किसी से डरने वाले नहीं हैं । सावरकर समझा है क्या नाम राहुल गांधी है।" कोई कांग्रेस से पूछे कि महान क्रांतिकारी वीर सावरकर का नाम इस प्रकरण में घसीटने की जरूरत क्या थी?

दरअसल पुलिस अधिकारी जानना चाहते थे कि वे महिलाएं कहां की हैं? कश्मीर की हैं या देश में किन हिस्सों की हैं? क्या उनमें दिल्ली की महिलाएं भी थीं? वे महिलाएं अब कहां हैं? क्या कोई नाबालिग लडकी भी शामिल थी? इस केस की सम्यक जानकारी भी जरूरी है और राहुल गांधी को विस्तृत जवाब देना भी चाहिये ।

राहुल गांधी वरिष्ठ लोकसभा सांसद हैं, लिहाजा सीआरपीसी के तहत यह उनका दायित्व था कि बलात्कार सरीखे अपराध के खुलासे पुलिस को करें। हमारे कानून और नैतिकता के मुताबिक, यौन शोषण की पीड़िता और उसके परिवार की पहचान को गोपनीय रखा जाता है। नाम तक सार्वजनिक नहीं किया जाता। पीड़िता का एक प्रतीक- "नाम तय कर लिया जाता है। मीडिया में भी वही नाम छापा जा सकता है। बेशक राहुल गांधी के संबोधन के 45 दिन बाद दिल्ली पुलिस ने उन्हें नोटिस दिया और आनन-फानन में उनके आवास पर भी धमक गई, लेकिन इसी दलील पर यह मुद्दा छोड़ा नहीं जा सकता । दरअसल यहीं से सियासत की शुरुआत होती है । राजस्थान के कांग्रेसी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यहां तक बयान दे दिया कि 'ऊपर' के आदेश के बिना पुलिस इस तरह आ ही नहीं सकती ।

# गार्डनिंग भी है स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद

कई लोगों को गार्डनिंग करने का बड़ा शौक होता है। इससे घर और बगीचे की खूबसूरती में तो चार चांद लगते ही हैं, साथ ही यह आपके स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। गार्डनिंग करने से आप एक तरह से प्रकृति से जुड़े रहते हैं। इससे आप कई बीमारियों से बचे रहते हैं और तनाव मुक्त महसूस कर पाते हैं। आइए आज हम आपको गार्डनिंग करने से होने वाले 5 प्रमुख स्वास्थ्य लाभ बताते हैं।



**तनाव कम करने में है मददगार**

गार्डनिंग करने में आपका तनाव काफी हद तक कम हो सकता है। दरअसल, यह आपको रोजमर्रा के तनाव से दूर रहने और वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करने पर मदद करता है। प्रकृति की सुंदरता और शांति से आपके दिमाग पर सकारात्मक और सुखदायक प्रभाव पड़ सकता है। इसके अलावा इससे मनोदशा में सुधार करने में भी मदद मिलती है। शुरुआती लोग गार्डनिंग करने के लिए इन टिप्स को अपना सकते हैं।

**सदमे से उभरने में है सहायक**

ऐसे व्यक्ति जो सदमे में होते हैं या बहुत ज्यादा दुखी होते हैं और खुद को कमजोर तथा नियंत्रण से बाहर महसूस करते हैं। ऐसी स्थिति से बाहर निकलने में गार्डनिंग काफी मददगार है। दरअसल, गार्डनिंग करने से व्यक्ति पूरी तरह से वर्तमान में मौजूद रहता है और ज्यादातर समय प्रकृति से जुड़ा हुआ रहता है। इससे उनके मन को शांति और आराम मिलता है। जिससे उन्हें सदमे से उभरने में मदद मिल सकती है।

**दिनचर्या में शारीरिक गतिविधियां भी करता है शामिल**

गार्डनिंग में खुदाई, रोपण, निराई और पानी देने सहित कई शारीरिक काम शामिल होते हैं। इन अभ्यासों को करने के लिए शारीरिक प्रयास की आवश्यकता होती है। इस कारण गतिहीन जीवनशैली को ठीक करने के लिए दिनचर्या में शारीरिक गतिविधि को शामिल करने का यह एक बढ़िया तरीका है। यह ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने और हृदय रोग के जोखिम को कम करने में भी मदद कर सकती है।

**शरीर को मिलता है विटामिन- डी**

गार्डनिंग से शरीर को अच्छी धूप और विटामिन- डी मिलता है। विटामिन- डी हड्डियों के स्वास्थ्य, प्रतिरक्षात्मक कार्य और सामान्य स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। इसके अलावा विटामिन- डी कैल्शियम के अवशोषण में भी मदद करता है, जो स्वस्थ हड्डियों के निर्माण और देखभाल दोनों के लिए जरूरी है। इस कारण मजूबत रहने के लिए गार्डनिंग एक शानदार तरीका है। इसके अलावा आप गार्डनिंग के जरिए बेहतर ऑक्सीजन भी प्राप्त कर सकते हैं।

**नींद की गुणवत्ता में करता है सुधार**

बाहर समय बिताने और शारीरिक रूप से सक्रिय रहने से नींद की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है। दरअसल, प्राकृतिक रोशनी और ताजा हवा के संपर्क में आने से शरीर के सोने-जागने के चक्र को नियमित करने और बेहतद नींद को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा प्रकृति के बीच समय बिताने से तनाव कम करने में मदद मिलती है, जिससे रात को अच्छी नींद लेना आसान हो जाता है।

## स्किन को भारी हानि पहुंचा सकते है डियोड्रेंट, खरीदते समय इन बातों का रखें खास ध्यान

डियोड्रेंट लगाना हर किसी को पसंद होता है, इससे आपके शरीर से बदबू नहीं आती और दिनभर महकते रहते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं डियोड्रेंट के कितने नुकसान होते हैं। आपको बता दें,डिओड्रेंट खरीदते समय कुछ सावधानियों का रखना आवश्यक होता है। अगर ये सावधानिया ना रखी जाये तो आपकी स्किन पर एलर्जी या रैशेज की परेशानी भी हो जाती हैं।

डीओ से आपकी स्किन में कई तरह की परेशानी होने लगती है जिससे आपकी स्किन खराब हो जाती है। अक्सर गर्मी के मोसम में आप इसका इस्तेमाल करते हैं लेकिन ध्यान दें कुछ इन बातों पर जिन्हें हम बताने जा रहे हैं।

## ईरान ने 8 साल बाद यूएई में नया राजदूत नियुक्त किया

**तेहरान , एजेंसी।** अरब के दो देशों के संबंधों में सुधार के बीच आठ साल बाद ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में एक राजदूत नियुक्त किया है। नए दूत रेजा अमेरी ने अपनी नियुक्ति से पहले विदेश मंत्रालय में ईरानी प्रवासी कार्यालय के महानिदेशक के रूप में काम किया था। अमेरी ने पहले अल्जीरिया, सूडान और इरिट्रिया में ईरान के राजदूत के रूप में भी काम किया था। 2016 में, सऊदी अरब द्वारा जनवरी में तेहरान के साथ राजनयिक संबंध डाउनग्रेड करने के बाद, संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान से अपने संबंधों को खत्म कम कर दिया था। सितंबर 2022 में, यूएई ने ईरान में अपने राजदूत को बहाल कर दिया।

## यूपी में तेंदुए के हमले में तीन घायल

**बहराइच(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य (केडब्ल्यूएस) से चुपके से निकले एक तेंदुए ने पास के मतेही करीकोट गांव में एक महिला सहित तीन लोगों को घायल कर दिया। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) सुजौली ले जाया गया, जहां से उन्हें मोतीपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रेफर कर दिया गया।

प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) केडब्ल्यूएस आकाश दीप बधावन ने कहा कि 43 वर्षीय दलविंदर सिंह, 42 वर्षीय विजय चौहान और 52 वर्षीय राम कुमारी अपने खेत में काम कर रहे थे, तभी एक तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। उनके कंधे, पेट और गर्दन पर गंभीर चोटें आई हैं।

डीएफओ बधावन ने कहा कि, इलाके में चौकसी बढ़ा दी गई है और लोगों को शाम के समय अकेले नहीं निकलने की सलाह दी गई है।डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हसन ने कहा कि अनुरोध पत्र मिलने के बाद प्रत्येक घायल को 10,000 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इलाके में पेट्रोलिंग टीमों को भी तैनात किया गया है।

डीएफओ ने बताया कि घायलों को दुधवा टाइगर कंजर्वेशन फाउंडेशन की ओर से पांच-पांच हजार रुपए दिए गए।

## समाज के लिए स्वतंत्र प्रेस जरूरी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक मलयालम समाचार चैनल से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए गंभीर टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मीडिया का स्वतंत्र रहना जरूरी है और सरकार की नीतियों की आलोचना करना राष्ट्र विरोधी नहीं करार दिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने आज केरल हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली मीडिया वन की याचिका को स्वीकार कर लिया है, जिसने समाचार चैनल के लाइसेंस को रद्द करने के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के आदेश को बरकरार रखा था।

## वियतनाम एयरलाइंस मुंबई को जोडने़ वाली नॉन-स्टॉप उड़ानें शुरू करेगी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** वियतनाम एयरलाइंस 20 मई से भारत के वित्तीय केंद्र मुंबई को वियतनाम से जोडने़ वाली रोजाना एक नई उड़ान शुरू करने जा रही है। वियतनाम एयरलाइंस प्रति सप्ताह सात उड़ानों की आवृत्ति के साथ सेवा शुरू करने जा रही है। एयरलाइन मुंबई-हनोई मार्ग पर प्रति सप्ताह 04 उड़ानें, मंगलवार, गुरुवार, शनिवार और रविवार को और मुंबई-हो ची मिन्ह मार्ग पर प्रति सप्ताह 03 उड़ानें सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को संचालित करेगी।इस अवसर पर, वियतनाम एयरलाइंस ने वियतनाम और भारत के बीच बिना रुके सेवा के लिए विशेष किराये की घोषणा की है। वियतनाम एयरलाइंस के टिकट कार्यालयों और एजेंटों से टिकट खरीदने वाले ग्राहकों के लिए टैक्स और शुल्क सहित आने-जाने का टिकट 22,972 रुपये से शुरू होगा।

# बंगाल में हनुमान जयंती पर केंद्रीय बलों की तीन कंपनियां होंगी तैनात

**कोलकाता, एजेंसी।** रामनवमी की शोभायात्राओं को लेकर बंगाल के हावड़ा, हुगली और अन्य जगहों पर हुई हिंसा को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट ने बुधवार को तीखी टिप्पणी की है। राज्य सरकार को नसीहत देते हुए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की खंडपीठ ने कहा है कि राज्य पुलिस अगर हालात को संभालने में विफल हो रही है, तो केंद्रीय बलों की मदद ली जानी चाहिए।



हाई कोर्ट नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी की ओर से हुगली जिले के रिसड़ा में हुई हिंसा पर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था। बता दें कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पिछले दिनों हनुमान जयंती पर राज्य में हिंसा की आशंका व्यक्त की थी।

वहीं, अब हाई कोर्ट के निर्देश पर राज्य में कोलकाता, हुगली व बैरकपुर में तीन कंपनी केंद्रीय बल की तैनाती होगी। खंडपीठ ने हनुमान जयंती का जिक्र करते हुए कहा कि अतीत की घटनाओं से सबक लेना चाहिए। बीमारी को लेकर अग्रिम बचाव बेहद जरूरी है। न्यायाधीश ने कहा कि उन्होंने आठ-नौ साल पहले गणेश चतुर्थी की शोभायात्रा पर इसी तरह से हिंसा को लेकर सुनवाई की थी। तब उन्होंने ठोस निर्देश दिए थे और तब से गणेश चतुर्थी पर शांति बरकरार है।

उन्होंने कहा कि हनुमान जयंती पर कोई हिंसा न हो, इसके लिए लोगों के मन में भरोसा बहाल करने की जरूरत है। इसके लिए रूट मार्च की जानी चाहिए। मुंबई का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि गणेश चतुर्थी के समय पुलिस बैरिकेड करके शोभायात्रा करवाती है। कोई हंगामा नहीं होता।

इसके अलावा न्यायाधीश ने कहा है कि जहां धारा 144 लगी है, वहां से शोभायात्रा नहीं निकालें। कोई भी राजनीतिक नेता कहीं भी हनुमान जयंती को लेकर कोई बयान नहीं देगा। महाधिवक्ता एसएन मुखर्जी ने अदालत को बताया कि राज्य में हनुमान जयंती रैलियां आयोजित करने के लिए पुलिस को करीब 2,000 आवेदन मिले हैं।

### हाईकोर्ट के निर्देश के बाद ममता सरकार का फैसला

इधर, राज्य सरकार ने संवेदनशील इलाकों में धारा 144 लागू करने के साथ रैलियों में 100 से ज्यादा लोगों के शामिल नहीं होने का निर्देश दिया है। इधर गृह मंत्रालय की ओर से भी हनुमान जयंती पर शांति बहाली के लिए राज्यों को ठोस तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

वहीं दूसरी ओर हुगली जिले के रिसड़ा में हिंसा प्रभावित इलाकों में अभी भी निषेधाज्ञा लागू है। ज्यादातर दुकानें बंद हैं। इंटरनेट सेवा भी बंद है। बंगाल के बुद्धिजीवियों ने भी हिंसा पर चिंता व्यक्त की है। इसके अलावा हावड़ा में शोभायात्रा में तमंचा लेकर शामिल होने के मामले में पुलिस ने आर्यन गुप्ता नामक एक और युवक को गिरफ्तार किया है। इस मामल में पुलिस ने कल मुंगेर से सुमित साव नामक युवक को गिरफ्तार किया था।

बता दें कि हनुमान जयंती पर विश्व हिंदू परिषद प्रदेश में करीब 500 जगहों पर पूजा-अर्चना करने जा रही है। यहां दिन भर हनुमान चालीसा पाठ करने की भी योजना है। दूसरी ओर बंगाल की महिला व शिशु कल्याण मंत्री शशि पांजा ने हनुमान जयंती को लेकर लोगों को सतर्क करते हुए कहा है कि भाजपा इसमें भी अशांति फैला सकती है।

न्यायमूर्ति शिवगणनम ने एक महत्वपूर्ण मामले का खुलासा करते हुए कहा कि दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंडहार्बर के एक न्यायाधीश ने हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को पत्र लिख कर सुरक्षा मांगी है। न्यायाधीश का परिवार हुगली जिले के श्रीरामपुर में रहता है। उन्होंने खुद ही थाने और पुलिस के उच्च पदस्थ अधिकारियों से मदद मांगी है लेकिन आरोप है कि उन्हें कोई मदद नहीं मिली है।

## भारतीय मूल के छात्र को इलिनोइस स्टेट यूनिवर्सिटी का शिक्षण पुरस्कार मिला

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** एक भारतीय मूल के छात्र को इलिनोइस स्टेट यूनिवर्सिटी में अपने कार्यक्रम और शैक्षिक अनुभव के हिस्से के रूप में शिक्षण में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए 2022 आउटस्टैंडिंग यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट स्टुडेंट टीचिंग अवॉर्ड प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन में डॉक्टरेट के द्वितीय वर्ष के छात्र विराज पटेल को उनके अनुकरणीय कौशल और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया।

विश्वविद्यालय के एक बयान के मुताबिक, पटेल हमेशा सार्वजनिक भाषण देने के काम में रुचि रखते हैं, जो खुद को परिभाषित करने का उनका तरीका बन गया। पटेल ने बयान में कहा, एक ऐसे विषय को पढ़ाने के लिए मान्यता प्राप्त करना आश्चर्यजनक है जो मेरे लिए बहुत मायने रखता है और विशेष रूप से उन लोगों द्वारा चुना जाना जिन्होंने पूरे वर्षों में अविश्वसनीय शिक्षकों को देखा और सम्मानित किया है।

उनके लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, छात्र के शिक्षण विशेषज्ञता के क्षेत्रों में सार्वजनिक रूप से बोलने की कला, अलंकारिक संचार और मीडिया सिद्धांत शामिल हैं।

पटेल ने कहा कि उन्हें पब्लिक स्पीकिंग से प्यार है और छात्रों का मार्गदर्शन करते समय उन्हें उपलब्धि का अहसास होता है।उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा, पब्लिक स्पीकिंग बहुत मुश्किल काम है, इसलिए मुझे वास्तव में छात्रों में उन आ हा क्षणों को देखना अच्छा लगता है जब उन्हें एहसास होता है कि वे ऐसा कर सकते हैं और यह उतना डरावना नहीं है जितना उन्होंने सोचा था कि यह होगा।उन्होंने हाल ही में इलिनोइस वेस्लेयन विश्वविद्यालय में ओरिएंटेशन सर्विसेज के कार्यालय में कार्यक्रम समन्वयक के रूप में कार्य किया, 400 से अधिक प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए समर और फॉल सेमेस्टर ओरिएंटेशन प्रोग्राम्स की योजना बनाने में मदद की।

## पिता ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**कानपुर (एजेंसी )।** सजेती थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव में पिता ने अपनी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ जहरीला पदार्थ खाकर जान दी। हालत खराब देखने पर पड़ोस के लोग उन्हें हमीरपुर सीएचसी लेकर पहुंचे। यहां पर दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। मौत की अभी सही वजह नहीं पता चल पाई है।

गांव निवासी मनोज (36) मुंबई के कुरला कमानी में रहकर पुताई का काम करते थे। पत्नी करीब छह साल पहले छोड़कर चली गई थी। मनोज के साथ में 14 साल की बेटी मंजीता और आठ साल की बेटी दुर्गा रहती थीं। मंगलवार दोपहर को मनोज मुंबई से गांव लौटा था। बुधवार सुबह मनोज बगल में एक पेड़ के नीचे लेटा दर्द से कराह रहा था। गांव में ही रहने वाले बड़े भाई विनोद ने पूछा तो उसने बताया कि पेट दर्द कर रहा है। विनोद ने पहले उसे एक चिकित्सक को दिखाया। हालत गंभीर होने पर उसे हमीरपुर जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे, जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। लौटने पर पता चला कि बेटी मंजीता की भी घर के अंदर मौत हो चुकी थी।

ग्रामीणों की मदद से दोनों को हमीरपुर जिला अस्पताल ले जाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। छोटी बेटी दुर्गा ने बताया कि शाम करीब सात बजे उसने बेटियों के साथ नमकीन खाई थी और सो गए। रात में पिता मनोज उठे थे और उससे बोले कि आज सब लोग जहर खाएंगे। उसने मना कर दिया और सो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। कच्चे घर में दो कप,नमकीन के फटे पैकेट आदि मिले।

इस मामले में सजेती थानाध्यक्ष ने बताया कि जानकारी करने पर पता चला है कि मनोज गांव कभी नहीं आया। अपने माता-पिता के देहांत पर भी नहीं आया। ग्रामीणों के मुताबिक वह कुछ मानसिक रूप से विक्षिप्त भी था। अचानक मंगलवार को लौटा। कच्चे घर की सफाई की। सुबह पहर उसने खुद और बेटी को जहरीला पदार्थ पिलाया था।

## झांसी रेलवे स्टेशन पर महिला ने दिया बच्चे को जन्म

**झांसी(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर एक महिला ने बेटे को जन्म दिया। जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ्य हैं। खबरों के मुताबिक, एक गर्भवती महिला और उसका पति दिल्ली से दमोह जा रहे थे। महिला को प्रसव पीड़ा होने लगी और कोई चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध नहीं थी।

फलों का जूस बेचने वाले तनवीर मिर्जा ने जोड़े को देखा और तुरंत रेलवे को पीएनआर नंबर देकर मदद के लिए ट्वीट किया, जो जोड़े के टिकट पर छपा था।20 मिनट के बाद डॉक्टरों की एक टीम मौके पर पहुंची और महिला का इलाज किया, जिसने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया।प्रसव के दौरान महिला को कंबल से ढका गया। मां और बच्चे को अब रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।तनवीर ने कहा, मैंने गर्भवती महिला को दर्द में देखा और उसका पति मदद की तलाश कर रहा था, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

## "रिमोट कंट्रोल से संचालित हो रही कांग्रेस", गुलाम नबी आजाद बोले- राहुल गांधी हैं कांग्रेस के कैप्टन

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद का मानना है कि कांग्रेस अब भी 'रिमोट कंट्रोल' से संचालित की जा रही है और साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि अनुभवहीन चापलूसों की नई मंडली इसका कामकाज संभाल रही है। कांग्रेस के पूर्व नेता ने अपनी किताब 'आजाद-ऐन ऑटोबायोग्राफी' के विमोचन से पहले अपने पूर्व साथी नेताओं के साथ रही समस्याओं पर बात करने से इनकर कर दिया। आजाद ने पिछले साल पार्टी छोड़ दी थी।



उन्होंने कहा कि मैं अतीत में जितना जाता हूं उतनी ही कड़वाहट सामने आती है और पार्टी से बाहर निकलने के बाद से मैं इसमें नहीं पड़ना चाहता।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता रह चुके आजाद ने कहा कि वह जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, संजय गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी का काफी सम्मान करते हैं, लेकिन स्वीकार किया कि राहुल गांधी के साथ उनके राजनीतिक मतभेद हैं। डेमोक्रेटिक प्रोगेसिव आजाद पार्टी प्रमुख आजाद ने कहा कि एक व्यक्ति के तौर पर मैं यह नहीं कह रहा कि राहुल गांधी एक खराब व्यक्ति हैं। व्यक्ति के तौर पर वह एक अच्छे इंसान हैं। हमारे कुछ राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन वे राजनीतिक मुद्दे हैं, जो मेरे कांग्रेस में रहने के समय उनके साथ थे।

उन्होंने कहा कि चूंकि अब मैं कांग्रेस में नहीं हूं, इसलिए उनके लिए सही और गलत क्या है उस बारे में कहने का मुझे कोई अधिकार नहीं है।

बकौल एजेंसी आजाद ने कहा, "मैं सिर्फ उनके अच्छे स्वास्थ्य और उनके राजनीतिक रूप से सफल होने की कामना कर सकता हूं। आगे कैसे बढ़ना है यह उन पर निर्भर करता है। वह एक अच्छे तैराक हैं और वह जानते हैं कि विषम परिस्थितयों से कैसे बाहर निकलना है। राजनीति मुश्किल हालात से गुजरने की एक कला है। यहां तक कि अच्छे से अच्छे कैप्टन के पास भी यदि अनुभव नहीं है...तो वह पूरा जहाज डूबा सकता है।"

उन्होंने कहा कि भले ही अभी राहुल गांधी के पास कोई पद नहीं हो, लेकिन हर कोई जानता है कि वह जहाज (कांग्रेस) के कैप्टन हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति जानता है कि पार्टी में फैसले कौन ले रहा है। 'कोई भी सावरकर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा', नितिन गडकरी ने राहुल गांधी से कहा- बड़ा दिल दिखाकर माफी मांगें उन्होंने कहा कि यदि कल (मल्लिकार्जुन खरगे) बेंगलुरु में सीडब्ल्यूसी (कांग्रेस कार्य समिति) की बैठक करना चाहेंगे, तो कोई नहीं जाएगा... इसलिए मैं सिर्फ यह कामना करता हूं कि राहुल गांधी जहाज (पार्टी) को नेविगेट करें। अपनी पुस्तक में उन्होंने ऐसे कई दृष्टांतों को रेखांकित किया है, जिनमें राहुल के साथ उनके मतभेद रहे थे, खासकर अगस्त 2020 में कांग्रेस के 23 नेताओं द्वारा पार्टी की तत्कालीन अध्यक्षा सोनिया गांधी को पत्र लिखे जाने के बाद। आजाद ने कहा कि मुझे अब भी हैरानी होती है कि यदि हम भाजपा समर्थक होते, तो हम संगठन को मजबूत करने की सलाह क्यों देते।

## ओवैसी की नसीहत, कहा- सुको जाना नासमझी भरा फैसला था, आपने भाजपा को मौका दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के मसले पर विपक्षी दलों को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगने के बाद ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने उन दलों बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह एक गलत कदम था। यह राजनीति करने का सही तरीका नहीं था। जब हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा जैसे प्रतिद्वंद्वी का सामना कर रहे हैं तो सुप्रीम कोर्ट जाना एक नासमझी भरा फैसला था। अब इसने भाजपा को यह कहने का मौका दिया है कि सुप्रीम कोर्ट ने विपक्ष के दावों को नकार दिया है।



एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी कांग्रेस के नेतृत्व वाले 14 विपक्षी दलों द्वारा दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा विचार करने से इनकार करने पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। याचिका में विपक्षी नेताओं के खिलाफ सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया था।

इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस के नेतृत्व में 14 राजनीतिक दलों की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि किसी मामले के तथ्यों से संबंध के बिना सामान्य दिशानिर्देश देना खतरनाक होगा। याचिका पर विचार करने में शीर्ष अदालत की अनिच्छा को भांपते हुए राजनीतिक दलों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी।

पीठ ने आदेश दिया कि अधिवक्ता इस स्तर पर याचिका वापस लेने की अनुमति चाहते हैं।

याचिका तदनुसार वापस ली गई मानते हुए खारिज की जाती है। आप कृपया तब हमारे पास आएं जब आपके पास कोई व्यक्तिगत आपराधिक मामला या मामले हों।

**इन दलों ने लगाई थी याचिका**

कांग्रेस, द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक), राष्ट्रीय जनता दल (राजद), भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस), तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), आम आदमी पार्टी (आप), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा), शिवसेना (यूबीटी), झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), जनता दल यूनाइटेड (जदयू), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), समाजवादी पार्टी (सपा) और जम्मू कश्मीर नेशनल कान्फ्रेंस।

## यूपी कोर्ट ने आठ साल पुराने मामले में बीजेपी सांसद को किया बरी

**गोरखपुर(एजेंसी)।** गोरखपुर की सांसद/विधायक अदालत ने घटना के आठ साल बाद सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के एक मामले में भाजपा सांसद डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल को बरी कर दिया है। गोरखपुर से चार बार के पूर्व विधायक अग्रवाल वर्तमान में राज्यसभा सांसद हैं। डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय के एक सुरक्षा गार्ड द्वारा अग्रवाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि 27 मई, 2015 को तत्कालीन विधायक ने सुबह की सैर के लिए विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश करने की कोशिश की थी।प्राथमिकी में कहा गया है कि जब गार्ड ने उन्हें अंदर जाने से मना किया तो अग्रवाल ने कथित तौर पर ताला तोड़ दिया और अपने सहयोगियों से गार्ड की पिटाई करने को कहा।अग्रवाल पर आईपीसी की धारा 147 (दंगा), 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 352 (हमला या आपराधिक), 447 (आपराधिक अतिचार) और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था।अग्रवाल के वकील मधुसूदन त्रिपाठी ने संवाददाताओं से कहा, सांसद/विधायक अदालत की न्यायाधीश नम्रता अग्रवाल ने निष्कर्ष निकाला कि सांसद दोषी नहीं थे और उन्हें मामले से मुक्त कर दिया।

## भारत ने की रामनवमी पर ओआईसी के बयान की कड़ी निंदा, पक्षपात का आरोप लगाया

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत ने मंगलवार को इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के रामनवमी के मौके पर जारी बयान की कड़ी निंदा करते हुए इसे ओआईसी की सांप्रदायिक मानसिकता और भारत विरोधी एजेंडे का एक और उदाहरण करार दिया।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने देर शाम एक बयान में कहा कि ओआईसी केवल भारत विरोधी ताकतों द्वारा लगातार हेरफेर करके अपनी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रहा है। बयान में कहा गया, हम भारत के संबंध में ओआईसी सचिवालय द्वारा आज जारी किए गए बयान की कड़ी निंदा करते हैं। यह उनकी सांप्रदायिक मानसिकता और भारत विरोधी एजेंडे का एक और उदाहरण है।यह प्रतिक्रिया ओआईसी जनरल सचिवालय के उस बयान पर थी जिसमें कहा गया था कि रामनवमी के मौके पर जुलूसों के दौरान भारत के कई राज्यों में मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाने वाली हिंसा और तोड़-फोड़ की गतिविधियों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। इसमें 31 मार्च 2023 को बिहारशरीफ में एक चरमपंथी हिंदू भीड़ द्वारा एक मदरसे और उसके पुस्तकालय को जलाना भी शामिल है।ओआईसी ने रामनवमी के दौरान हुई हिंसा और बर्बरता की निंदा करते हुए इसे भारत में बढ़ते इस्लामोफोबिया का उदाहरण बताते हुए भारतीय अधिकारियों से अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की और मुस्लिम समुदाय की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

## एक क्लिक और अकाउंट खाली : डी-मार्ट, बीग बास्केट, बीज बाजार की फर्जी वेबसाइट चलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** गौतम बुद्ध नगर की साइबर सेल हेल्पलाइन टीम ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो बिग बास्केट, बिग बाजार और डी-मार्ट की फर्जी वेबसाइट बनाकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे। पुलिस ने इस मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस की मानें तो गिफ्तार हुए गैंग ने डी-मार्ट, बीग बास्केट, बीज बाजार की फेक वेबसाइट बनाकर लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की है। इस वेबसाइट्स के जरिए स्कैमर्स लोगों को डिस्काउंट और सस्ती कीमतों पर प्रोडक्ट्स ऑफर कर रहे थे, जिससे लोग उसके जाल में आसानी से फंस जाते थे।

जैसे ही कोई शख्स पेमेंट करता, तो ये उसके क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड की डिटेल्स एक्सेस कर लेते। बाद में इसका इस्तेमाल करके फ्रॉडस्टर्स उनके बैंक अकाउंट से पैसे चुराते थे। इसकी जानकारी एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने दी है। वैसे इनकी आधिकारिक वेबसाइट्स भी मौजूद हैं।


एडिशनल (सेंट्रल नोएडा) राजीव दिक्षित ने बताया, '3 अप्रैल को गौतम बुद्ध नगर पुलिस की साइबर हेल्पलाइन टीम ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग बिग बाजार, डी-मार्ट, बिग बास्केट और दूसरी फेक वेबसाइट्स के जरिए लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी कर चुके हैं।़

उन्होंने बताया कि इस गैंग के मेंबर्स गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर के रहने वाले हैं। इन्होंने ना सिर्फ दिल्ली-एनसीआर के लोगों को अपना शिकार बनाया है। बल्कि देश के दूसरे हिस्सों में रहने वालों के साथ भी इन्होंने ठगी की है। पुलिस ने विनीत कुमार, ध्रुव सोलंकी, गौरव तलान, सलमान खान, संतोष मौर्या और मनोज मौर्या को गिरफ्तार किया है।नोएडा पुलिस ने इस मामले में तीन लैपटॉप, चार मोबाइल फोन, दो डेबिट कार्ड्स, 11700 रुपये और हुंडई i10 कार जब्त की है। इस गैंग के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 406 और आईटी एक्ट के तहत एक एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

इस तरह के किसी भी मामले में स्कैमर्स लोगों को लालच देकर फंसाने का काम करते हैं। इसके लिए वे फर्जी वेबसाइट्स क्रिएट करते हैं, जिनके नाम ओरिजनल वेबसाइट्स के जैसे ही होते हैं। अमूमन इनकी स्पेलिंग में कोई बदलाव होता है या फिर किसी टर्म को जोड़ दिया जाता है।

सामान्यतः लोग इस तरह की वेबसाइट्स को सही समझकर यहां आते हैं। चूंकि इन पर हैवी डिस्काउंट और कैशबैक के ऑफर्स होते हैं, इसलिए लोग इन स्कैमर्स के जाल में आसानी से फंस जाते हैं।

# इस साल भी धोनी की आय पिछले साल के बराबर, झारखंड में सबसे बड़े इंडिविजुअल टैक्सपेयर



रांची ,। इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद भी क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी की सालाना आय पर कोई असर नहीं पड़ा है। वित्त वर्ष 2022–23 में उनकी आमदनी बीते साल यानी 2021–22 की आय के लगभग बराबर रहने की उम्मीद जताई जा रही है। आयकर विभाग में उनकी ओर से जमा किया गया एडवांस टैक्स इसकी तस्दीक करता है। धोनी ने इस साल 31 मार्च को खत्म हुए वित्तीय वर्ष के लिए आयकर विभाग को कुल 38 करोड़ रुपए बतौर एडवांस टैक्स चुकाए हैं। पिछले साल यानी वर्ष 2021–22 में भी उन्होंने इतनी ही राशि एडवांस टैक्स के रूप में जमा की थी। यानी इस साल उनकी आमदनी पिछले साल के बराबर रही है। वर्ष 2020–21 में धोनी ने एडवांस टैक्स के तौर पर 30 करोड़ के आसपास की रकम जमा की थी। आयकर विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार महेंद्र सिंह धोनी इस साल भी झारखंड के सबसे बड़े इंडिविजुअल टैक्स पेयर रहे हैं।

विशेषज्ञों के मुताबिक, धोनी की ओर से जमा कराये गये 38 करोड़ के एडवांस टैक्स के आधार पर वर्ष 22–23 में उनकी आय लगभग 130 करोड़ के आसपास रहने की उम्मीद है।आयकर विभाग के आंकड़ों के मुताबिक धोनी ने जबसे इंटरनेशनल क्रिकेट के करियर की शुरूआत की, तभी से लगातार झारखंड में व्यक्तिगत श्रेणी में सबसे बड़े आयकर दाता हैं। वर्ष 2019–20 में उन्होंने 28 करोड़ और इसके पहले 2018–19 में भी लगभग इतनी ही राशि आयकर के तौर पर चुकायी थी। इसके पहले उन्होंने 2017–18 में 12.17 करोड़ और 2016–17 में 10.93 करोड़ का इनकम टैक्स चुकाया था।

जाहिर है, 15 अगस्त 2020 को इंटरनेशनल क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से बतौर प्लेयर दूरी बनाने के बावजूद धोनी बिजनेस की पिच पर भी शानदार पारी खेल रहे हैं। क्रिकेटर के तौर पर आईपीएल से भी उन्होंने इस साल विदाई का ऐलान कर दिया है।

पूर्व भारतीय कप्तान ने कई कंपनियों में निवेश किया है। स्पोर्ट्स वेयर, होम इंटीरियर की कंपनी होमलेन, पुरानी कारों की खरीद–बिक्री करने वाली कंपनी कार्स 24, स्टार्टअप कंपनी खाता बुक, स्पोर्ट्स कंपनी रन एडम, क्रिकेट कोचिंग और ऑर्गेनिक फार्मिंग में भी उन्होंने निवेश किया है। रांची में वह लगभग 43 एकड़ भूमि में ऑर्गेनिक फार्मिंग करवाते हैं।


# ऑर्लिन्स मास्टर्स : अर्जुन–ध्रुव शीर्ष 16 में, सुब्रमण्यन बाहर



ऑर्लिन्स ,। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने ऑर्लिन्स मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले चरण में चेक गणराज्य के ओंद्रेज क्राल और ऐडम मेंद्रेक को हराकर शीर्ष–16 में जगह बना ली।अर्जुन–ध्रुव ने 35 मिनट चले मुकाबले में ओंद्रेज–ऐडम को 21–13, 22–20 से हराया। प्री–चर्टरफाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना जापान के के. मित्सुशाही और एच ओकामुरा से होगा।

इसी बीच, तनीषा क्रेस्टो और साई की जोड़ी ने चलीफिकेशन चरण में सर्बिया के मिहालो टॉमिक और एंजला विटमैन की चुनौती को पार करके मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी 20 मिनट चले मुकाबले के पहले गेम में 20–11 से आगे चल रही थी जब सर्बियाई युगल ने मैच से बाहर होने का निर्णय लिया।शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन को पुरुष एकल चलीफिकेशन के दूसरे मुकाबले में स्वीडन के फेलिक्स बुरेस्टेड से हारकर प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा। सुब्रमण्यन ने पहले मैच में अजरबैजान के एडे रेस्की द्विकाह्यो को 21–17, 21–17 से मात दी, लेकिन दूसरे चरण में उन्हें फेलिक्स के हाथों 21–19, 21–9 की हार का सामना करना पड़ा।भारतीय पुरुष एकल सर्किट में उभर रहे 19 वर्षीय सुब्रमणयन विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2022 में रजत पदक जीतकर चर्चा में आए थे।

# धोनी के विश्व कप विजयी छक्के का स्मारक बनाएगा एमसीए





मुंबई ,। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) की शीर्ष परिषद ने वानखेड़े स्टेडियम में उस स्थान पर एक 'स्मारक' बनाने का फैसला लिया है जहां महेंद्र सिंह धोनी ने छक्का लगा कर 2011 विश्व कप फाइनल भारत को जिताया था।प्रतिष्ठित स्टेडियम में धोनी के नाम पर एक विशेष सीट का नाम भी रखा जायेगा।

एमसीए के अध्यक्ष अमोल काले ने कहा कि जिस जगह पर धोनी ने श्रीलंका के खिलाफ शिखर मुकाबले में मैच विजयी छक्का लगाया था, उसकी पहचान कर ली गयी है और भारत के पूर्व कप्तान का सम्मान करने के लिये सर्वसम्मति से धोनी के नाम पर एक स्थायी सीट का नाम रखने का निर्णय लिया गया है।

एमसीए ने हालांकि अभी यह तय नहीं किया है कि 'स्मारक' का उद्घाटन कब किया जाएगा। काले ने कहा कि एमसीए धोनी से संपर्क करेगा और उनसे उचित समय मांगेगा।

गौरतलब है कि चेन्नई सुपर किंग्स आठ अप्रैल को वानखेड़े स्टेडियम पर मुंबई इंडियंस से मुकाबला करेगी। एमसीए के अधिकारियों ने मैच से पहले धोनी की उपस्थिति में सीट का उद्घाटन करने की योजना बनायी है।

उल्लेखनीय है कि भारत ने विश्व कप 2011 के खिताबी मुकाबले में श्रीलंका को हराकर विश्व चैंपियन का ताज अपने सिर सजाया था।

श्रीलंका ने भारत के सामने 275 रन का लक्ष्य रखा था और धोनी ने 49वें ओवर में नुवन कुलासेकरा को छक्का जडक़र भारत को जीत दिलाई थी।

# सुदर्शन, मिलर के दम पर गुजरात टाइटन्स विजयी



नयी दिल्ली । गुजरात टाइटन्स ने मोहम्मद शमी और राशिद खान की घातक गेंदबाजी के बाद साई सुदर्शन (62 नाबाद) के अर्द्धशतक और डेविड मिलर (31 नाबाद) की आतिशी पारी की बदौलत इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स पर छह विकेट की आसान जीत दर्ज की। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात के सामने 163 रन का लक्ष्य रखा, जिसे गुजरात ने 11 गेंद रहते हुए हासिल कर लिया। दिल्ली के लिये कप्तान डेविड वॉर्नर ने 32 गेंद पर सात चौकों के साथ 37 रन बनाये, जबकि अक्षर ने 22 गेंद पर दो चौकों और तीन छक्कों के साथ 36 रन का योगदान दिया। शमी और राशिद ने तीन–तीन विकेट लेकर दिल्ली की बल्लेबाजी को चमकने नहीं दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ने 54 रन पर तीन विकेट गंवा दिये, जिसके बाद सुदर्शन ने टीम को संबल दिया। सुदर्शन ने अपनी धैर्यवान पारी में 48 गेंद पर चार चौकों और दो छक्कों सहित 62 रन बनाये, जबकि मिलर ने 16 गेंद पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 31 रन बनाकर गुजरात की जीत पर मुहर लगायी।

दिल्ली को 162 रन की रक्षा करते हुए मुकाबला रोमांचक बनाने के लिये गुजरात को शुरुआती झटके देने थे और आनरिक नॉर्खिया ने टीम की यह जरूरत पूरी की। नॉर्खिया ने अपने पहले ओवर में ऋद्धिमान साहा (सात गेंद, 14 रन) को आउट किया, वहीं अपने दूसरे ओवर में उन्होंने शुभमन गिल (13 गेंद, 14 रन) को पवेलियन लौटाया।

खलील अहमद को उनके पहले ओवर में 14 रन पड़े लेकिन दूसरे ओवर में उन्होंने अनुशासन दिखाते हुए हार्दिक पांड्या (पांच) को विकेटकीपर अभिषेक पोरेल के हाथों कैच आउट करवाया।

गुजरात ने पावरप्ले में तीन विकेट गंवाकर 54 रन बनाये, जबकि दिल्ली ने 52 रन पर सिर्फ दो विकेट गंवाये थे। सुदर्शन और विजय शंकर ने हालांकि मध्य ओवरों में गुजरात की पारी को संभाल लिया। सुदर्शन और शंकर ने चौथे विकेट के लिये 44 गेंद में 53 रन की साझेदारी करके गुजरात की पारी को स्थिरता प्रदान कर दी।

गुजरात को जब आठ ओवर में 62 रन की जरूरत थी तब दिल्ली ने रनगति पर अंकुश लगाकर गुजरात पर दबाव बनाना शुरू किया। मिचेल मार्श ने शंकर (23 गेंद, तीन चौके, 29 रन) को आउट करके मैच को रोमांचक बना दिया। दिल्ली के गेंदबाज मैच को अपने शिकंजे में जकड़ रहे थे, लेकिन मिलर ने 16वें ओवर में मुकेश कुमार के विरुद्ध 20 रन जोडक़र मैच की सूरत बदल दी। अब तक धीमी रफ्तार से खेल रहे सुदर्शन ने मिलर को देखकर लय बदलते हुए 17वें ओवर में नॉर्खिया को एक छक्का और एक चौका जड़ा। गुजरात को अंततः 18 गेंद में 12 रन की जरूरत थी मगर मिलर ने 19वें ओवर की पहली गेंद पर ही विजयी रन जडक़र टीम को लगातार दूसरी जीत दिला दी। दिल्ली के लिये नॉर्खिया ने सर्वाधिक दो विकेट चटकाये, लेकिन उन्होंने अपने चार ओवर में 39 रन भी दिये। मिचेल मार्श (3.1 ओवर, 24 रन) और खलील अहमद (चार ओवर, 38 रन) को एक–एक विकेट हासिल हुआ। मुकेश कुमार चार ओवर में 42 रन देकर दिल्ली के सबसे महंगे गेंदबाज रहे। इससे पूर्व, टॉस हारकर बल्लेबाजी के लिये बुलाये जाने पर दिल्ली की शुरुआत निराशाजनक रही। सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर स्विंग के आगे संघर्ष करते नज़र आये, जबकि पृथ्वी शॉ सात रन बनाकर मोहम्मद शमी का शिकार हुए। शमी ने अपने तीसरे ओवर में मिचेल मार्श (चार) को भी आउट किया, हालांकि वॉर्नर ने इस ओवर में चौका जडक़र हाथ खोले। दिल्ली ने छठे ओवर में 10 रन जोड़ते हुए 52/2 के स्कोर पर पावरप्ले समाप्त किया।

गुजरात ने पावरप्ले के बाद विकेट चटकाते हुए दिल्ली की रनगति पर शिकंजा कसना शुरू किया। वॉर्नर ने सातवें ओवर में अल्ज़ारी जोसेफ़ को दो चौके जड़े, लेकिन अल्ज़ारी ने जल्द ही बदला लेते हुए दिल्ली के कप्तान को बोल्ड कर दिया। अल्ज़ारी ने अगली ही गेंद पर राइली रूसो को आउट किया, हालांकि अभिषेक पोरेल ने अपना विकेट बचाकर उन्हें हैट्रिक पूरी नहीं कर सकी।

दिल्ली के लिये अपना पहला मैच खेल रहे पोरेल ने 10 गेंद पर दो छक्के लगाकर 20 रन बनाये। पोरेल अच्छी लय में दिख रहे थे लेकिन राशिद खान ने उन्हें अपने पहले ओवर में ही बोल्ड कर दिया। सरफराज खान लंबे संघर्ष के बाद 34 गेंद पर 30 रन बनाकर आउट हो गये।

दिल्ली 16 ओवर में छह विकेट गंवाकर 130 रन ही बना सका था, जिसके बाद अक्षर ने बाज़ुएं खोलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। अक्षर ने 21 गेंद पर दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 36 रन बनाये। शमी ने आखिरी ओवर की चौथी गेंद पर अक्षर को आउट कर दिया, जिसके बाद नॉर्खिया ने चौका लगाकर दिल्ली की पारी को समाप्त किया।

## फिल्मी सफर

# सलमान खान की किसी का भाई... का नया गाना येंतम्मा जारी, राम चरण भी आए नजर



सलमान खान की मोस्ट अवेटिड फिल्म किसी का भाई किसी की जान से अब तक कई गाने रिलीज हो चुके हैं। अब चार्टबस्टर गानों की लिस्ट से मेकर्स ने नया गाना रिलीज कर दिया है जो कि आते ही सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा है। जी हां, सलमान खान की फिल्म से येंतम्मा गाना रिलीज हो गया है जिसमें भाईजान को लुंगी में देख फैंस जमकर रिएक्ट कर रहे हैं।

किसी का भाई किसी की जान से अब तक रोमांटिक सॉन्ग नैयो लगदा, पंजाबी डांस नंबर बिल्ली बिल्ली, फिर फॉलिंग इन लव और हाल में फिल्म का बठुकम्मा रिलीज हुआ था। अब तक मेकर्स ने कुल पांच गाने रिलीज कर दिया। लेटेस्ट गाना है येंतम्मा है, जो दर्शकों के लिए किसी सरप्राइज पैकेज से कम नहीं होने वाला है।

येंतम्मा से पहले किसी का भाई किसी की जान के 4 गाने रिलीज हो चुके हैं, जिसमें बिल्ली बिल्ली, बथुकम्मा, नइयो लगदा और जी रहे थे हम शामिल है।

येंतम्मा गाने की खास बात ये है कि इस गाने में साउथ सुपरस्टार राम चरण भी हैं। अपने गाने नाटू नाटू के लिए ऑस्कर जीतने के बाद, साउथ सेंसेशन सलमान खान के साथ थिरकते नजर आ रहे हैं। राम चरण और सलमान खान को यूं साथ देख फैंस का क्रेजी होना तो बनता है।

येंतम्मा ने सलमान खान, राम चरण, वेंकटेश दग्गुबाती और पूजा हेगड़े को एक ही फ्रेम में एक साथ लाया है ताकि सीटी–मार डांस मूव्स के साथ धमाल मचा सके। बता दें किसी का भाई किसी की जान 21 अप्रैल 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है जिसे फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित हैं।फिल्म में सलमान खान, वेंकटेश दग्गुबाती, पूजा हेगड़े के अलावा कई मल्टीस्टार कास्ट देखने को मिलेगी। जहां एक ओर शहनाज गिल के फैंस एक्साइटिड हैं तो जगपति बाबू, भूमिका चावला, विजेंदर सिंह, अभिमन्यु सिंह, राघव जुयाल, सिद्धार्थ निगम, जस्सी गिल भी अहम रोल में हैं।

## थाई हाई स्लिट आउटफिट में तेजस्वी प्रकाश ने गिराई हुस्न की बिजलियां

एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश अपनी खूबसूरती और बोल्डनेस से फैंस के दिलों को बेकरार करने का हुनर बखूबी जानती हैं। उनकी तस्वीरें फैंस के दिलों को बेताब किए रहती हैं। वहीं, एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश ने थाई हाई स्लिट में अपनी टोंड लेग्स फ्लॉन्ट की है। एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश ने येलो कलर की थाई हाई स्लिट आउटफिट में अपनी ग्लैमरस तस्वीरों से सोशल मीडिया पर धमाल मचा रही हैं। तेजस्वी प्रकाश ने ओपन हेयर स्टाइल के साथ लाइट मेकअप में बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं। एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश ब्लू कलर के इयरिंग्स के साथ हाथों में भी रिंग्स और छल्ले पहने नजर आ रही हैं। लॉन्ग गाउन में एक्ट्रेस अपनी टोंड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। उनकी तस्वीरें देखकर फैंस आहें भरने को मजबूर हैं। इन तस्वीरों में तेजस्वी बेहद ही स्टनिंग पोज देती नजर आ रही हैं। वहीं, एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश ने अपनी कातिलाना अदाओं से सोशल मीडिया पर कहर बरपाती नजर आ रही हैं।

# अदिति का जुबली किरदार पुरुषों की दुनिया में समान शक्ति रखता है




अभिनेत्री अदिति राव हैदरी, जो जल्द ही आगामी स्ट्रीमिंग सीरीज जुबली में दिखाई देंगी, सीरीज के अपने किरदार से प्यार करती हैं और इसके पीछे का कारण वह शक्ति है, जिसकी बदौलत वह उस दुनिया को नियंत्रित करती हैं, जिस पर पुरुषों का आधिपत्य है। ओटीटी सीरीज में अभिनेत्री सुमित्रा कुमारी की भूमिका निभाती हैं, जो एक फिल्म स्टार की पत्नी है, जिसमें उत्कृष्ट व्यावसायिक कौशल है, प्यार की तलाश में एक ऐसी चीज है, जिसकी वह वास्तव में इच्छा करती है।इस दमदार भूमिका पर अपने विचार साझा करते हुए अदिति ने कहा, सुमित्रा अपने सार्वजनिक व्यक्तित्व के कारण मुझे आकर्षित करती है। हो सकता है कि उसने सही रास्ता नहीं अपनाया हो, लेकिन वह अंत तक लड़ती रही। उस कलाकार का जीवन जीने का रचनात्मक तरीका है यूटोपियन विद्रोह।सीरीज में अदिति राव हैदरी के साथ अपारशक्ति खुराना, प्रोसेनजीत चटर्जी, वामिका गब्बी, सिद्धांत गुप्ता और नंदीश संधू सहित कलाकार हैं।अदिति ने आगे कहा, एक अभिनेत्री होने के नाते भारतीय सिनेमा के इस सुनहरे युग में इस लडक़ी के पास इतनी शक्ति है, इतनी एजेंसी है और पुरुषों की दुनिया में इतना जुनून है।विक्रमादित्य मोटवाने द्वारा निर्देशित, सौमिक सेन द्वारा मोटवाने के साथ बनाई गई जुबली का निर्माण रिलायंस एंटरटेनमेंट और फैंटम स्टूडियो के सहयोग से एंडोलन फिल्म्स द्वारा किया गया है।

# हंसल मेहता की फराज ने दी नेटफ्लिक्स पर दस्तक, सच्ची घटना पर आधारित है फिल्म



बांग्लादेश की राजधानी ढाका में 2016 में हुए आतंकवादी हमलों पर आधारित हंसल मेहता की फराज 3 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन यह दर्शकों को खींचने में सफल नहीं हो सकी। अब इस फिल्म ने ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे दी है। फिल्म भूषण कुमार और मजाहिर मंदसौरवाला द्वारा निर्मित है, जबकि अनुभव सिन्हा ने इसको प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म के जरिए शशि कपूर के पोते जहान कपूर ने बॉलीवुड में डेब्यू किया है।इस फिल्म में 1 जुलाई, 2016 को ढाका के होली आर्टिसन कैफे में हुए आतंकवादी हमले को दिखाया गया है, जिसने बांग्लादेश को हिलाकर रख दिया था। आतंकियों ने कैफे पर हमला कर डिनर कर रहे लोगों को 12 घंटे तक बंधक बनाए रखा और उसके बाद एक–एक कर कत्ल कर दिया। हमले में पांच आतंकियों समेत 29 लोगों की जान गई थी। फिल्म फराज में जूही बब्बर, आमिर अली, जहान कपूर और आदित्य रावल सहित कई अन्य कलाकार हैं।फिल्म में दो गाने हैं, मुसाफिर को घर ही आना है जिसे समीर राहत ने लिखा और संगीतबद्ध किया है; और आलोक रंजन श्रीवास्तव और समीर राहत द्वारा लिखित खैरियत से। फिल्म का प्रीमियर बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल में 15 अक्टूबर 2022 को थियेटर रिलीज से पहले हुआ।

# आरआरआर ने जापान में रचा इतिहास, 10 लाख दर्शक पाने वाली पहली भारतीय फिल्म बनी



एसएस राजामौली की आरआरआर ने रिलीज के बाद से देश ही नहीं दुनियाभर में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रखा है। पिछले महीने नाटू नाटू के लिए ऑस्कर जीतकर फिल्म ने इतिहास रचा था तो अब यह जापान में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली और 10 लाख दर्शक पाने वाली भारतीय फिल्म बन गई है। फिल्म जापान के 44 शहरों और प्रांतों में 209 स्क्रीनों और 31 आईमैक्स स्क्रीनों पर दिखाई जा रही है।

आरआरआर पिछले साल अक्टूबर से जापान में निर्बाध रूप से चल रही है और इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। फिल्म को जापान में अभी तक 10 लाख से अधिक दर्शक देख चुके हैं और ऐसा करने वाली यह पहली भारतीय फिल्म है। आरआरआर के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से ट्वीट कर बताया गया कि फिल्म ने 164 दिन में यह उपलब्धि हासिल की है। इस पर राजामौली ने भी लिखा, 10 लाख जापानी प्रशंसकों ने हमें गले लगाया।एक रिपोर्ट के अनुसार, आरआरआर ने अब तक जापान में 80 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। अब उम्मीद की जा रही है कि फिल्म अगर इसी रफ्तार से चलती रही तो यह जल्द 100 करोड़ का कारोबार करने में भी सफल होगी। जनवरी में जब फिल्म की रिलीज के जापान में 100 दिन पूरे हुए थे तो राजामौली ने इतना प्यार देने के लिए सभी प्रशंसकों के प्रति आभार जताया था।

आरआरआर को जापान ही नहीं, दुनियाभर में भरपूर प्यार मिल रहा है और यह कई उपलब्धि हासिल कर चुकी है। फिल्म नाटू नाटू के लिए गोल्डन ग्लोब 2023 और क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड जीत चुकी है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com